DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## राहुल के खिलाफ जजों-नौकरशाहों ने खोला मोर्चा

**नई दिल्ली।** देशभर के 272 रिटायर्ड जजों, वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट्स और सैन्य अधिकारियों ने बुधवार को एक संयुक्त ओपन लेटर जारी कर कांग्रेस और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की तीखी आलोचना की है। इस लेटर पर 16 पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त अफसर (जिनमें 14 पूर्व राजदूत भी शामिल हैं) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' के आरोप लगाकर संवैधानिक संस्थाओं में अविश्वास पैदा कर रही है।

शेष पेज- 8 पर

## 'तेरे इश्क में' को लेकर आनंद एल की स्पष्ट राय

फिल्ममेकर आनंद एल राय अपने सिनेमा की भावनात्मक ईमानदारी, मानवीय रिश्तों की बारीकी और खुलकर बात करने वाले स्वभाव के लिए हमेशा सराहे गए हैं। अब जब वे धनुष और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरे इश्क में' की रिलीज़ की तैयारी कर रहे हैं, जो 28 नवंबर 2025 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में थिएटरों में दस्तक देगी, राय खुलकर बताते हैं कि किस तरह उनकी रचनात्मक सोच बदली है और क्या उन्हें लगातार ज़मीन से जोड़े रखता है।



शेष पेज- 7 पर

स्थानीय निकाय चुनाव

# अलग-अलग लड़ेंगे महायुति के दल




**सीएम फडणवीस-डीसीएम अजित पवार की बैठक में फैसला**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार और एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने बुधवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर आगामी स्थानीय निकाय चुनावों की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। मुंबई स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर हुई इस बैठक को महायुति की चुनावी तैयारियों का अहम दौर माना जा रहा है। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में पटेल ने संकेत दिए कि गठबंधन के प्रमुख दल—भाजपा, शिवसेना और राकांपा—कई जगहों पर स्वतंत्र तौर पर चुनाव लड़ सकते हैं, जिनमें भंडारा और गोंदिया जिले भी शामिल हैं।

### स्थानीय स्तर पर 'दोस्ताना मुकाबले' के संकेत

प्रफुल्ल पटेल ने स्पष्ट किया कि स्थानीय निकाय चुनाव मूल रूप से जमीनी कार्यकर्ताओं का मैदान होता है, इसलिए उन्हें भी प्रक्रिया में बड़ी भूमिका दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इन चुनावों में 'दोस्ताना मुकाबले' संभव हैं। पटेल के अनुसार, अजित पवार और उन्होंने फडणवीस के साथ मिलकर महायुति के भीतर समन्वय और सीटों पर संभावित समझौतों पर चर्चा की है।

### पहले चरण में 246 नगर पालिकाओं में मतदान

स्थानीय निकाय चुनावों का पहला चरण दो दिसंबर को होगा, जिसमें 246 नगर पालिका परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए मतदान होगा। इसके बाद जनवरी 2026 में दूसरे चरण के तहत नगर निगमों, जिला परिषदों और ग्राम पंचायतों के चुनाव होंगे। राज्य में इन चुनावों को सत्ता समीकरण बदलने वाले महत्वपूर्ण राजनीतिक अभियान के तौर पर देखा जा रहा है।

### कोल्हापुर में नई राजनीतिक जुगलबंदी

चुनावी सरगर्मी के बीच कोल्हापुर जिले में एक दिलचस्प राजनीतिक समीकरण उभर कर आया है। राज्य के मंत्री और एनसीपी नेता हसन मुश्रीफ ने भाजपा के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए विपक्षी राकांपा (शरद पवार) नेता समरजीत घाटगे के साथ हाथ मिला लिया है। यह गठबंधन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि कागल की राजनीति में दोनों नेताओं को लंबे समय से कट्टर प्रतिद्वंद्वी माना जाता रहा है।

### कट्टर प्रतिद्वंद्वी बने साझेदार

कागल और मुरगुड नगर परिषद चुनावों के लिए मंगलवार को दोनों नेताओं ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अजित पवार और शरद पवार गुटों के बीच स्थानीय स्तर पर गठबंधन की घोषणा की। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा में रहे घाटगे राकांपा (शरद पवार) में शामिल हो गए थे, जबकि मौजूदा विधायक मुश्रीफ ने उस चुनाव में घाटगे को हराया था। अब दोनों का साथ आना स्थानीय राजनीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

### महायुति में रार जारी

महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति में अनबन अब साफ दिखने लगी है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनकी शिवसेना के कई नेता बीजेपी से नाराज हैं। यह बात तब स्पष्ट हो गई थी, जब मंगलवार (18 नवंबर) शिवसेना का एक भी मंत्री फडणवीस कैबिनेट की बैठक में शामिल नहीं हुआ। केवल एकनाथ शिंदे पहुंचे। हालांकि, शाम तक सीएम फडणवीस और शिवसेना के मंत्रियों ने बातचीत के बाद यह ऐलान कर दिया था कि समाधान मिल गया है और अब नाराजगी नहीं बची है। इसके बावजूद, आज फिर कुछ ऐसा हुआ, जिससे दोनों दलों के बीच में दरार उभर कर सामने आ गई है। दरअसल, महाराष्ट्र सरकार के एक सरकारी कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शामिल ही नहीं हुए। मंच पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार तो साथ दिखे, लेकिन एकनाथ शिंदे गैरमौजूद रहे।

### वीवीपैट अनिवार्य नहीं : आयोग




**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग ने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि स्थानीय निकाय चुनावों के लिए वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है और यह तकनीकी रूप से भी संभव नहीं है। आयोग ने यह जवाब कांग्रेस नेता प्रफुल्ल गुड्डे द्वारा हाईकोर्ट की नागपुर पीठ में दायर याचिका पर दिया है, जिसमें महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में वीवीपैट का इस्तेमाल न करने के उसके फैसले को चुनौती दी गई थी। आयोग ने हाईकोर्ट की नागपुर पीठ के समक्ष कांग्रेस नेता प्रफुल्ल गुडाधे द्वारा दायर याचिका का विरोध करते हुए एक हलफनामा दायर किया। याचिका में महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में वीवीपीएटी का उपयोग नहीं करने के उसके फैसले को चुनौती दी गई थी। गुडाधे ने अपनी याचिका में कहा कि पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) प्रणाली आवश्यक है।

# अब आधार कार्ड पर होगा सिर्फ फोटो और QR कोड

**फोटोकॉपी से होने वाले मिसयूज रोकने UIDAI बना रही नियम, दिसंबर से हो सकते हैं लागू**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) आधार कार्ड नए सिरे से डिजाइन करने पर विचार कर रहा है। भविष्य में आधार कार्ड केवल धारक की फोटो और QR कोड वाला हो सकता है। यानी कार्ड पर आधार नंबर, नाम-पता, जन्मकतिथि अन्य बायोमीट्रिक जानकारी नहीं होंगी। UIDAI के सीईओ भुवनेश कुमार ने एक ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में बताया कि आधार की कॉपी से होने वाले मिसयूज को रोकने के लिए नए नियम बनाए जा रहे हैं। इसके बाद आधार कार्ड देखने और उसकी फोटोकॉपी जमा कराने पर भी दूसरे किसी व्यबक्ति, संस्थाा, कार्यालय या कंपनियों के पास आपकी डिटेल नहीं जाएगी। खासतौर से होटलों, टेलीकॉम सिम बेचने वाले, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार वगैरह के आयोजक आपके आधार की फोटोकॉपी का गलत इस्तेसमाल नहीं कर पाएंगे।




UIDAI दिसंबर 2025 में नए नियम लागू करने की योजना बना रहा है। अभी आधार कार्ड पर नाम, आधार संख्या, फोटो, QR कोड होते हैं। वेरिफिकेशन का तरीका ऑफलाइन और ऑन-लाइन दोनों ही हैं। ऑफलाइन में फोटोकॉपी और डेटा के मिसयूज का जोखिम रहता है।

### नए आधार में क्या क्या होगा...

- भविष्य में कार्ड पर सिर्फ फोटो + Secure QR कोड हो सकता है। नाम भी प्रिंट हो सकता है लेकिन आधार संख्या दिखाई नहीं देंगे।
- QR कोड को कस्टम ऐप या UIDAI द्वारा प्रमाणित टूल से स्कैन किया जा सकेगा, जिससे विवरण ऑनलाइन वेरिफाई होगा।
- ऑफलाइन वेरिफिकेशन यानी कार्ड की फोटोकॉपी के जरिए पहचान कराने का तरीका धीरे-धीरे कम किया जाएगा।

### बदलाव करने के कारण...

- आधार कार्ड की बार-बार कॉपी होती हैं, जो पहचान और डेटा का गलत इस्तेमाल बढ़ा सकती हैं।
- QR कोड आधारित वेरिफिकेशन सिस्टम ने डिजिटल रूप से पहचान को ज्यादा सुरक्षित बनाया है।
- कार्ड पर कम डिटेल्स होने से प्रिंटेड डॉक्यूमेंट विश्वसनीय होते हैं, ऐसी धारणा कम होगी।
- आधार कार्ड पर अन्य जानकारी नहीं होने से फर्जी डॉक्यूमेंट्स बनाने वालों को चुनौती मिलेगी।

## ब्रीफ न्यूज़

### मोटवानी और मूलचंदानी कांग्रेस से 6 साल के लिए निलंबित

**मुंबई।** कांग्रेस पार्टी ने निकाय चुनावों के बीच कड़ा एक्शन लिया है। गढ़चिरोली जिले के पार्टी नेता जेस्साभाई मोटवानी और चंद्रपुर के बल्लारपुर से घनश्याम मूलचंदानी को पार्टी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के निर्देश पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में उन्हें पार्टी से निकाला गया है। यह जानकारी कांग्रेस के संगठन व प्रशासन के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश पाटिल ने दी है।

### आर्मस्ट्रांग हत्याकांड केस : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के बहुजन समाज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की हत्या से जुड़े मामले में एक बड़ा मोड़ सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें जांच को सीबीआई को सौंपने और राज्य पुलिस की चार्जशीट को खारिज करने का निर्देश दिया गया था। इस फैसले के साथ लंबे समय से विवादों में घिरे इस मामले में नई कानूनी स्थिति बन गई है। जस्टिस जे के महेश्वरी और विजय बिश्नोई की बेंच तमिलनाडु सरकार की अपील पर सुनवाई कर रही थी।

## कांग्रेस ने खेला बड़ा दांव

**शरद पवार से गठबंधन के लिए की चर्चा**



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस एक बड़ा दांव खेलती नजर आ रही है। मुंबई नगर निकाय चुनाव अकेले लड़ने के एलान और सहयोगी शिवसेना (यूबीटी) की ओर से जल्दबाजी में फैसला न करने के आह्वान के कुछ दिनों बाद कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राकांपा (एसपी) अध्यक्ष शरद पवार के साथ गठबंधन पर चर्चा की। इस मुलाकात के बाद कांग्रेस ने एनसीपी (एसपी) को अपना स्वाभाविक सहयोगी बताया।

### दलों के साथ गठबंधन की कोशिश

मुंबई कांग्रेस प्रमुख वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि पार्टी समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ बीएमसी चुनाव लड़ना चाहती है और इस दिशा में अंतिम फैसला जल्द लिया जाएगा। उन्होंने मनसे के साथ गठबंधन की संभावना को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस उन दलों के साथ नहीं जा सकती जो कानून को हाथ में लेते हैं या धमकी की राजनीति करते हैं। सुप्रिया सुले ने भी स्पष्ट किया कि एनसीपी (एसपी) महाराष्ट्र और मुंबई के हित में लिए गए किसी भी संवैधानिक रुख का समर्थन करेगी।

### राजनीतिक संदर्भ और आगे की रणनीति

जनवरी 2026 में होने वाले नगरपालिका चुनावों के लिए पार्टियां अपनी-अपनी जमीन मजबूत कर रही हैं। 2017 में कांग्रेस को सिर्फ 30 सीटें मिली थीं। हाल में प्रदेश प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा था कि पार्टी 227 वार्डों में अकेले उतरेगी। बुधवार को वर्षा गायकवाड़, अमीन पटेल, असलम शेख और ज्योति गायकवाड़ ने 'सिल्वर ओक' में पवार से मुलाकात कर गठबंधन पर विस्तार से चर्चा की। कांग्रेस साझा न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर एक मजबूत विपक्ष खड़ा करने के लिए समान विचारधारा वाली पार्टियों का साथ जरूरी है।

## अमेरिका से भारत लाया गया लॉरेंस का भाई अनमोल

**सलमान खान के घर फायरिंग, बाबा सिद्दीकी और मूसेवाला के मर्डर का आरोप**

**मुंबई/नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल अमेरिका से डिपोर्ट कर बुधवार को दिल्ली लाया गया। इसके बाद एयरपोर्ट पर NIA ने कस्टडी में ले लिया और पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। यहां उसे 11 दिन की NIA की कस्टडी में भेज दिया गया। अमेरिका से कुल 200 लोगों को डिपोर्ट किया गया है, इनमें भारत के 3 लोग हैं। अनमोल के अलावा 2 लोग पंजाब के हैं। अभी इनके बारे में जानकारी नहीं मिली है। गैंगस्टर अनमोल अप्रैल, 2024 में बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में वांटेड आरोपी है। वह पिछले साल मुंबई में NCP नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का मुख्य आरोपी भी है। अनमोल का नाम 2022 में पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी सामने आया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनमोल को अमेरिका में अवैध तरीके से घुसने के कारण गिरफ्तार किया गया था।




252 करोड़ के ड्रग्स केस में बड़ा एक्शन

# सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ओरी को मुंबई पुलिस का समन

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के 252 करोड़ रुपए के हाई-प्रोफाइल ड्रग्स मामले में बड़ा विकास हुआ है। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ओरहान अवात्रामणि, जिन्हें 'ओरी' के नाम से जाना जाता है, को मुंबई पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स सेल ने समन जारी किया है। उन्हें गुरुवार सुबह 10 बजे घाटकोपर यूनिट में पेश होने के लिए कहा गया है। समन मुख्य आरोपी सोहेल उर्फ लविश शेख की पूछताछ में सामने आए दावों की पुष्टि के लिए भेजा गया है।



### शेख के दावों की पुष्टि के लिए पूछताछ

अधिकारियों के मुताबिक, पूछताछ का उद्देश्य यह जांचना है कि जिन रेव पार्टियों, समय और स्थानों का उल्लेख शेख ने किया है, उनमें ओरी की मौजूदगी के दावे कितने तथ्यात्मक हैं। फिलहाल किसी हाई-प्रोफाइल व्यक्ति के खिलाफ आरोप तय नहीं किए गए हैं और पुलिस का कहना है कि यह समन सामान्य जांच प्रक्रिया का हिस्सा है। पुलिस केवल उन्हीं बातों को संज्ञान में लेगी जिनके समर्थन में पुख़्ता इलेक्ट्रॉनिक या दस्तावेजी सबूत हों। यह केस फरवरी 2024 में तब सामने आया जब मुंबई क्राइम ब्रांच ने 741 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) के साथ एक महिला को पकड़ा।

## बिल्डर पर दिनदहाड़े फायरिंग

**हमलावर फरार, तलाश जारी**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कांदिवली के चारकोप क्षेत्र में बुधवार शाम एक बिल्डर पर दो अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। वारदात बंदर पखाड़ी स्थित फादर सुसाई इंग्लिश स्कूल के पास हुई, जहां बिल्डर फ्रेडी डिलिमा अपनी कार पार्क कर रहे थे। गोली लगने से घायल डिलिमा को तुरंत बोरिवली के ऑस्कर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके पेट से दो गोलियां निकाल दी हैं। उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही एमएचबी पुलिस स्टेशन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी कर जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम को भी बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। शुरुआती जांच में सामने आया कि हमलावरों ने नजदीक से कई राउंड फायर किए और तुरंत बाइक से फरार हो गए।

न्यूज़ ब्रीफ

### ब्रिटेन में नौकरी के नाम पर 27 लाख ठगे, महिला गिरफ्तार



**मुंबई।** ब्रिटेन में नौकरी व वीजा दिलाने के नाम पर एक दंपत्ति से 27 लाख की ठगी के आरोप में पुलिस ने आकांक्षा राजेंद्र तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित इंजीनियर विकास विदुर कुमार खतीवेदा और उनकी पत्नी मोनिका दहल ने आरोपियों को लंदन में नौकरी और वीजा दिलाने के लिए 27 लाख रुपये का भुगतान किया था। कुछ दिन इंतजार कराने के बाद आरोपी कार्यालय बंद कर फरार हो गए। उसके बाद मामला दर्ज किया गया।

### खुले सीवर में गिरा 2 साल का बच्चा

**ठाणे।** शहर में एक बड़ा हादसा उस समय टल गया जब दो साल का बच्चा 20 फीट गहरे खुले सीवर चैंबर में गिरकर घायल हो गया। नगर निगम आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी के अनुसार, यह घटना मंगलवार शाम ज्ञानसाधना कॉलेज के पास हुई। राबोडी निवासी हमदान गुफरान कुरैशी अपने रिश्तेदारों के घर आया था और अपनी मां के साथ फुटपाथ पर चल रहा था, तभी संतुलन बिगड़ने पर वह खुले ड्रेनेज चैंबर में जा गिरा। स्थानीय लोगों ने तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बच्चे को तुरंत जिला सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद उसे बेहतर उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। तड़वी ने बताया कि 20 फीट गहराई में गिरना इतने छोटे बच्चे के लिए बेहद खतरनाक हो सकता था, लेकिन सौभाग्य से उसकी जान बच गई। घटना के बाद पाया गया कि सीवर चैंबर का ढक्कन एक लोहे के पाइप की रुकावट के कारण ठीक से बंद नहीं था। पाइप को हटाकर चैंबर का ढक्कन सही तरीके से बंद कर दिया गया है ताकि ऐसी घटना दोबारा न हो।

### फोम फैक्ट्री में भीषण आग, दो मजदूर जख्मी



**पालघर।** वाडा एमआईडीसी स्थित कोने गांव में बुधवार को भगवान इंडस्ट्रीज प्रा. लिमिटेड फोम फैक्ट्री में अचानक भीषण आग भड़क उठी। घटना के समय फैक्ट्री में करीब 40 मजदूर मौजूद थे। आग में एक महिला कर्मचारी और एक पुरुष मजदूर झुलस गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धुआं और लपटें दूर तक दिखाई देने से परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वाडा अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। पुलिस और औद्योगिक सुरक्षा विभाग ने जांच शुरू कर दी है।

# मीरा-भाईंदर मनपा ने शुरू की पशु एम्बुलेंस सेवा

विनय दूबे । भाईंदर

मीरा-भाईंदर शहर में घायल और बीमार पशुओं की देखभाल में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए एमबीएमसी ने पहली बार पशु एम्बुलेंस सेवा शुरू की है। हालांकि संबंधित विभाग के पास अभी पशु शववाहिनी उपलब्ध न होना एक गंभीर मुद्दा बना हुआ है।



### आपातकालीन उपचार के लिए विशेष एम्बुलेंस

एमबीएमसी के पशु चिकित्सा विभाग ने 18 नवंबर को बीमार, घायल एवं सड़क दुर्घटना में घायल पशुओं को आपातकालीन उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष एम्बुलेंस सेवा शुरू की। अहम चिकित्सा उपकरणों से लैस इस एम्बुलेंस का उद्घाटन आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद शर्मा ने मुख्यालय परिसर में किया।

### 24×7 हेल्पलाइन जल्द, और एम्बुलेंस भी जुड़ेंगी

पशु चिकित्सा विभाग के डॉ. विक्रम निराटले ने बताया कि इस सेवा से पशुओं की स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था में सुधार आएगा और नागरिकों को भी राहत मिलेगी। पशु एम्बुलेंस सेवा के लिए जल्द ही 24×7 टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया जाएगा। बेहतर प्रतिसाद मिलने पर भविष्य में और एम्बुलेंसें इस सेवा से जोड़ी जाएंगी। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त प्रियंका राजपूत, उपायुक्त डॉ. सचिन बांगर, नगरसचिव दिनेश कानगुडे, शहर अभियंता दीपक खांबित, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राजकुमार घरत, सहायक आयुक्त जितेंद्र कांबले सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सेवा का उद्देश्य और उपलब्ध सुविधाएँ

शहर में कहीं भी तुरंत पशु चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की गई है। एम्बुलेंस घर-घर जाकर पशुओं को उपचार प्रदान करेगी, जिससे उनकी मृत्यु दर कम हो सके। इस सेवा पर 17 लाख 67 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। इससे पहले विभाग के पास केवल एक छोटी सामान्य एम्बुलेंस थी। शहर में दो पशु चिकित्सा केंद्र संचालित हैं—एक भाईंदर (प.) उड़ानपुल के नीचे और दूसरा मीरा रोड में श्री अयप्पा मंदिर के पास।

### जनहित में महत्वपूर्ण कदम

आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद शर्मा ने कहा कि शहर में बीमार और घायल अवस्था में पड़े मूक पशुओं के प्रति नागरिकों और पशुप्रेमियों की संवेदनाओं का सम्मान करते हुए यह महत्वपूर्ण सुविधा शुरू की गई है। इस सेवा से शहर के पशुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधाएँ मिलेंगी और उनकी देखभाल व्यवस्था में सुधार होगा।

# सर्राफा व्यापारी की हत्या



**भाईंदर।** भाईंदर (पू.) के सोनल पार्क इलाके में 54 वर्षीय सर्राफा व्यापारी सुशांतो पॉल की निर्मम हत्या से गुरुवार देर रात सनसनी फैल गई। पॉल डायमंड और सोने के व्यापारी थे और अपने कारखाने में ही रहते थे, जबकि उनका परिवार पास के जैसल पार्क में रहता है। अनुमान है कि उनकी हत्या देर रात ही कर दी गई थी, लेकिन इसकी जानकारी दोपहर करीब 1 बजे तब सामने आई जब वे दरवाजा नहीं खोल रहे थे। पड़ोसी द्वारा सूचना दिए जाने पर मृतक के करीबी मित्र ने खिड़की का कांच तोड़कर अंदर देखा और मोबाइल की रोशनी में पॉल का शव मिलने की पुष्टि होते ही पुलिस को सूचित किया।

### पुलिस की जांच तेज, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

सूचना मिलते ही नवघर पुलिस थाने की टीम और क्राइम ब्रांच यूनिट 1 के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की बारीकी से जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास से तकनीकी व फॉरेंसिक साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। शुरुआती जांच के आधार पर पुलिस हत्या के कारणों और संभावित आरोपी की पहचान की दिशा में काम कर रही है। इलाके में फैली दहशत के बीच व्यापारी समुदाय ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग भी की है।

# 'तीसरी आँख' हुई सक्रिय

## 30 हजार से अधिक वाहन चालकों पर कार्रवाई



**ठाणे।** यातायात नियम तोड़ने वाले वाहन चालक अब ठाणे पुलिस की 'तीसरी आँख' से बच नहीं पा रहे हैं। सितंबर में कैडबरी जंक्शन पर लगाए गए AI-आधारित इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ITMS) कैमरों ने 17 नवंबर 2025 तक कुल 30,085 नियम उल्लंघन दर्ज किए। इनमें 18,165 सिग्नल जंप करने वाले वाहन और 10,611 बिना हेलमेट दोपहिया चलाने वाले शामिल हैं। इसके अलावा स्टॉप लाइन न मानने वाले 815 और ट्रिपल-सीटर चलाने वाले 494 वाहन चालकों पर भी ई-चालान जारी किए गए। मोटर वाहन अधिनियम के तहत इन मामलों में करीब 30 लाख 85 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाट ने नागरिकों से नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके।

ठाणे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत ठाणे, कलवा, मुंब्रा, डोंबिवली, कल्याण, उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर और भिवंडी जैसे क्षेत्रों में ट्रैफिक प्रबंधन को ITMS के जरिए आधुनिक बनाया जा रहा है। सितंबर में केवल कैडबरी जंक्शन पर ही 16,709 लोगों ने नियम तोड़े थे, जिनमें 11,000 सिग्नल जंपिंग के मामले थे। लेकिन अक्टूबर और 17 नवंबर तक यह संख्या घटकर 9,802 रह गई, जिनमें सिर्फ 4,294 वाहनों को ही कैमरों ने पकड़ा। आंकड़ों से साफ है कि अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली से नियम उल्लंघन में कमी आई है और ठाणेकरों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर रेलवे की विशेष ट्रेनें

**मुंबई।** मध्य रेलवे 6 दिसंबर 2025 को डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए अनारक्षित विशेष ट्रेनें चला रहा है। कलबुर्गी से सीएसएमटी मुंबई के बीच चलने वाली इन ट्रेनों का संचालन 5 और 7 दिसंबर को किया जाएगा। यह ट्रेनें श्रद्धालुओं को सुगम यात्रा प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं।



ट्रेन संख्या 01245, 5 दिसंबर (शुक्रवार) को शाम 18:30 बजे कलबुर्गी से रवाना होकर अगले दिन सुबह 08:20 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। यह ट्रेन सोलापुर में रात 21:40 बजे पहुंचेगी और 22:20 बजे प्रस्थान करेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 01246, 7 दिसंबर को रात 00:25 बजे सीएसएमटी से रवाना होकर उसी दिन 11:30 बजे कलबुर्गी पहुंचेगी। सोलापुर में इसका आगमन 08:45 बजे और प्रस्थान 09:00 बजे होगा। दोनों ट्रेनों को गणगपुर रोड, अक्कलकोट रोड, सोलापुर, कुर्दुवाड़ी, दौंड, पुणे, लोनावाला, कल्याण और दादर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है। 24 कोचों की संरचना वाली इन ट्रेनों में शयनयान, सामान्य द्वितीय श्रेणी और अनारक्षित कोच शामिल हैं। अनारक्षित कोचों के टिकट स्टेशन के बुकिंग काउंटरों और यूटीएस मोबाइल ऐप के माध्यम से उपलब्ध होंगे।

# निशानेबाज ने गन लाइसेंस के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाले स्वप्निल शिवाजी पठारे ने दो शॉट गन के लाइसेंस के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। पुणे के पुलिस आयुक्त ने मार्च 2025 में किए गए उसके आवेदन को 2 जुलाई 2025 को खारिज कर दिया था। मामला न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति संदेश पाटील की पीठ के समक्ष आया, जहाँ याचिकाकर्ता के वकील बालासाहेब लिगाडे ने बताया कि पठारे 'क्ले विज़न ट्रैप शूटिंग' सहित कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहे हैं और वर्तमान में कोच की शॉट गन से अभ्यास कर रहे हैं। उनके अनुसार, प्रदर्शन सुधारने के लिए निजी हथियार होना अत्यंत आवश्यक है। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने भी उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले हथियार को प्रमाणित किया है।

### कोर्ट ने 10 दिनों में अपील पर निर्णय का दिया निर्देश

वकील लिगाडे ने तर्क दिया कि पुलिस आयुक्त ने आवेदन खारिज करते समय आवश्यक दस्तावेजों और मान्य अधिसूचनाओं पर विचार नहीं किया। इसके खिलाफ 23 जुलाई 2025 को की गई अपील पर अब तक सुनवाई नहीं हुई है, जिससे राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना प्रभावित हो सकता है। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि लंबित अपील पर यथाशीघ्र—और किसी भी स्थिति में आदेश की तारीख से 10 दिनों के भीतर—निर्णय लिया जाए।

# संरक्षित वन क्षेत्रों में रेत जमाव के खिलाफ राजस्व विभाग की कार्रवाई

**भिवंडी।** भिवंडी तालुका में, भिवंडी तहसीलदार अभिजीत खोले के मार्गदर्शन में, राजस्व विभाग ने खाड़ी से सटे संरक्षित वन क्षेत्र, जो कि मैंग्रोव वन है, में रेत के जमाव के खिलाफ कार्रवाई की है। दिलचस्प बात यह है कि इस संरक्षित वन क्षेत्र की सुरक्षा का ज़िम्मा संभालने वाला वन विभाग, इसे बड़ी आसानी से नज़रअंदाज़ करता रहा है। तहसीलदार अभिजीत खोले ने तालुका के मौजे केवणी गांव की सीमा में खाड़ी के किनारे अवैध रेत खनन की कई शिकायतें मिलने के बाद कार्रवाई का निर्देश दिया था। उसके बाद, कल्हेर ग्राम राजस्व अधिकारी मुजीब शेख ने कोपर केवणी के ग्राम राजस्व अधिकारी और वन रक्षक प्रशांत वायल की एक टीम के साथ सोमवार (17) शाम को पाया कि



केवणी गांव की सीमा के भीतर खाड़ी के किनारे और वन विभाग की सुरक्षा दीवार के बीच सर्वे क्रमांक 181 में 8 हेक्टेयर 3 गुंठा 61 मीटर के संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रूप से रेत खनन करके रेत भंडारण के लिए जमीन में 15 स्टोरेज टैंक बनाए गए थे। जिसमें से जेसीबी की मदद से 2 टैंक को नष्ट कर दिया गया। इस मामले में भिवंडी ग्रामीण पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के साथ-साथ आईपीसी की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### वन विभाग पर कंदलवन संरक्षित वन क्षेत्र की उपेक्षा करने का आरोप

कार्रवाई की गई ज़मीन आरक्षित वन क्षेत्र है और यह ज़मीन ठाणे मैंग्रोव संरक्षण एवं संरक्षण इकाई को दी गई है। इस जगह पर अवैध रेत खनन के बारे में ठाणे मैंग्रोव संरक्षण एवं संरक्षण इकाई को बार-बार सूचित करने के बावजूद, वन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। दिलचस्प बात यह है कि इस कार्रवाई के बाद, मैंग्रोव संरक्षण इकाई के वनरक्षक प्रशांत वायल को पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के लिए कहा गया, लेकिन वे मामला दर्ज कराने नहीं आए।

# मिलेनियम बिजनेस पार्क में फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश

## सायबर सेल की छापेमारी, 17 गिरफ्तार

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई के मिलेनियम बिजनेस पार्क में शेयर बाजार में निवेश के नाम पर चल रहे बड़े फर्जीवाड़े का नवी मुंबई सायबर सेल ने भंडाफोड़ किया है। मंगलवार दोपहर की गई कार्रवाई में पुलिस ने अवैध रूप से संचालित हो रहे कॉल सेंटर पर छापेमारी कर मुख्य आरोपी सहित 17 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें अधिकांश युवा शामिल हैं।

### मुनाफे का झांसा देकर ठगी, सिस्टम और मोबाइल जब्त



सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई मंगलवार दोपहर से बुधवार सुबह तक लगातार जारी रही। पुलिस ने कॉल सेंटर से सभी कंप्यूटर, मोबाइल फोन, डाटा और महत्वपूर्ण दस्तावेज़ जब्त कर लिए हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि कॉल सेंटर के जरिए लोगों को शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच दिया जाता था और इसी बहाने उनसे पैसे ऐंठे जाते थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। नवी मुंबई पुलिस इस मामले में जल्द ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारियां साझा करेगी। सायबर सेल की यह कार्रवाई फर्जी निवेश ठगी रैकेट के खिलाफ एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# भाजपा अल्पसंख्यक नेता के बेटे की गुंडागर्दी

## नाबालिग से विनयभंग का प्रयास, वाशी में मामला दर्ज




**नवी मुंबई।** वाशी में भाजपा के एक अल्पसंख्यक नेता के बेटे द्वारा दोबारा गुंडागर्दी का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि नाबालिग हिंदू लड़की ने नज़दीकी बढ़ाने से इनकार किया तो उसके जन्मदिन के दिन ही आरोपी ने जबरन विनयभंग करने की कोशिश की। लड़की के दोस्तों के साथ मारपीट भी की गई। वाशी पुलिस ने इस मामले में पोस्को एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

बताया गया है कि इससे कुछ दिन पहले भी भाजपा अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव के बेटे यश बॉबी शेख पर कोपरखैरने में दो युवकों पर चाकू और शराब की बोतल से हमला करने का आरोप लगा था। उस समय भी स्थानीय पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश का दावा किया गया था।

### जन्मदिन के दिन की विनयभंग की कोशिश

जानकारी के अनुसार, यश शेख लंबे समय से नाबालिग लड़की पर नज़दीकी बढ़ाने का दबाव डाल रहा था, लेकिन लड़की के इनकार पर वह नाराज था। सोमवार को लड़की के जन्मदिन के दिन जब वह अपने दोस्तों के साथ कॉलेज के बाहर खड़ी थी, तभी आरोपी ने विनयभंग की कोशिश की और उसके दोस्तों के साथ भी मारपीट कर दी।

### पिता पर भी धमकाने का आरोप

इस घटना के बाद शिकायत दर्ज कराने में मदद करने वाले एक छात्र के पिता को आरोपी के पिता बॉबी शेख ने धमकी दी। शिकायत के बाद कोपरखैरने पुलिस ने बॉबी शेख के खिलाफ भी अलग मामला दर्ज किया है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में भारी रोष है। नागरिकों का आरोप है कि आरोपी खुद को भाजपा नेता मंत्री चंद्रकांत पाटिल का नजदीकी बताकर पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश करता है। अब स्थानीय स्तर पर यह सवाल उठ रहा है कि पुलिस बाप-बेटे पर ठोस कार्रवाई कब करेगी।

### नए आपराधिक कानूनों में विकृत मानसिकता को कड़ी सजा देने की ताकत : उपमुख्यमंत्री अजीत पवार



**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बुधवार को मुंबई में कहा कि नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन ने समाज में विकृत मानसिकता को कड़ी सजा देने की शक्ति पैदा की है। इन कानूनों ने समय के अनुरूप नई तकनीक की मदद से सबूतों को सुरक्षित रखने और अपराधियों को जेल तक पहुंचाने की व्यवस्था बनाई गई है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बुधवार को आजाद मैदान में आयोजित पुलिस प्रदर्शनी को संबोधित कर रहे थे। अजीत पवार ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में गतिशील न्याय और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रावधान हैं। इन कानूनों में डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों पर विचार करके अपराधी को दंडित करने की व्यवस्था है। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान हैं और ये कानून संविधान में स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल सिद्धांतों के अनुरूप हैं। किसी भी कानून की उपयोगिता उसके कार्यान्वयन पर निर्भर करती है, यह प्रदर्शनी इन कानूनों को सीखने का एक अवसर है। उपमुख्यमंत्री पवार ने अधिक से अधिक नागरिकों को इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने की भी अपील की है ।

# 9817 किसानों को जल्द मिलेगा मुआवजा

## 2 करोड़ 42 लाख 83 हजार 116 रुपये की राशि की मिली स्वीकृति

**भिवंडी।** भिवंडी तालुका में भारी और बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। हजारों किसानों की धान की फसलें या तो गिर गईं या कटकर खेतों में पड़ी ही खराब हो गईं। तहसीलदार अभिजीत खोले ने बताया कि कुल 9817 किसानों की क्षतिग्रस्त कृषि भूमि का सर्वेक्षण किया जा रहा है ताकि उन्हें मुआवज़ा उपलब्ध कराया जा सके।



### 9254 किसानों की 3016.5 हेक्टेयर भूमि का सर्वेक्षण पूरा

सितंबर और अक्टूबर की बारिश से प्रभावित कुल 9254 किसानों की 3016.5 हेक्टेयर कृषि भूमि का पंचनामा किया गया। पात्र किसानों को लगभग 2 करोड़ 42 लाख 83 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है, जो उनके बैंक खातों में जमा कर दी गई है।

### नई क्षति का सर्वेक्षण, 3.30 करोड़ की अतिरिक्त मांग

अक्टूबर की बेमौसम बारिश से हुए नए नुकसान का अलग से सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 9817 किसानों की 3856.47 हेक्टेयर भूमि प्रभावित पाई गई। तहसीलदार अभिजीत खोले ने बताया कि इस नुकसान की भरपाई के लिए सरकार से लगभग 3 करोड़ 30 लाख 80 हजार रुपये की मांग भेजी गई है।

### सितंबर की बारिश से खड़ी फसलें गिरीं

सितंबर में जब धान की फसलें खेतों में पक रही थीं, तभी भारी बारिश से वे गिर गईं। इसका पंचनामा तैयार कर मुआवज़ा देने की प्रक्रिया शुरू की गई। लेकिन अक्टूबर की बेमौसम बारिश ने खेत में कटी पड़ी फसल को भी नुकसान पहुँचा दिया। तहसीलदार, ग्राम राजस्व अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक और ग्राम सेवकों ने संयुक्त रूप से इसका पंचनामा तैयार किया।

मुंढवा जमीन सौदा विवाद

# आईजी रजिस्ट्रार ने सौंपी रिपोर्ट

## रिपोर्ट में तेजवानी, पाटिल और उप-पंजीयक को दोषी ठहराया

डीबीडी संवाददाता। मुंबई/पुणे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़े कथित पुणे भूमि घोटाले की जांच के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट में उप-पंजीयक आर.बी. तारू, दिग्विजय पाटिल और शीतल तेजवानी को अवैध लेनदेन में दोषी माना गया है। पुलिस अब सभी बयानों और दस्तावेजों की तसल्ली से जांच कर रही है। महाराष्ट्र के रजिस्ट्रार महानिरीक्षक और स्टाम्प नियंत्रक रविंद्र बिनवाड़ा के अनुसार, उन्होंने संभागीय आयुक्त को मामले की रिपोर्ट सौंप दी है। वह अन्य विभागों से रिपोर्ट संकलित कर आगे की कार्रवाई करेंगे। अजित पवार के बेटे पार्थ पवार के व्यावसायिक साझेदार दिग्विजय पाटिल की कंपनी पर भूमि सौदे में अनियमितता के आरोप लगे थे।



### मुख्य आरोपी शीतल तेजवानी का बयान दर्ज

मुंढवा की सरकारी जमीन को अवैध रूप से बेचने के कथित सौदे में आरोपी शीतल तेजवानी से पुणे पुलिस ने विस्तृत पूछताछ की है। यह मामला उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार से जुड़ी कंपनी तक जमीन के सौदे को जोड़ने के आरोपों के कारण राजनीतिक रूप से भी संवेदनशील माना जा रहा है। तेजवानी का बयान मंगलवार को खड़क पुलिस थाने में दर्ज किया गया।

### पार्थ पवार के सहयोगियों पर भी जांच की आंच

इस जमीन सौदे में शीतल तेजवानी के साथ पार्थ पवार के बिजनेस सहयोगी दिग्विजय पाटिल और निलंबित तहसीलदार सूर्यकांत येओले भी आरोपी बनाए गए हैं। पुलिस के अनुसार सूर्यकांत येओले ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (BSI) को बेदखली का नोटिस तक जारी किया था। हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया कि पार्थ पवार इस मामले में आरोपी नहीं हैं, क्योंकि उनका नाम खरीद समझौते में सामने नहीं आया है।

### 40 एकड़ जमीन का विवादित सौदा

जांच में सामने आया है कि शीतल तेजवानी ने 40 एकड़ विवादित जमीन को अमाडिया एंटरप्राइजेज (LLP)—जो कथित रूप से पार्थ पवार और दिग्विजय पाटिल से जुड़ी कंपनी है—को बेचने का सौदा किया था। तेजवानी ने खुद को जमीन के 272 पूर्व मालिकों का पावर ऑफ अटॉर्नी धारक बताते हुए यह सौदा करने की कोशिश की थी। यह जमीन मूल रूप से सरकार की है, जिसे BSI को पट्टे पर दिया गया है।

### सभी दस्तावेजों का सत्यापन पूरा: पुलिस आयुक्त

पुणे पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने बताया कि तेजवानी को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस दिया गया था और अब उसके बयान की जांच हो रही है। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों का सत्यापन पूरा कर लिया गया है, और जांच टीम अब सभी संभावित पहलुओं की पुष्टि कर अंतिम निष्कर्ष तक पहुँचने की दिशा में काम कर रही है। दिग्विजय पाटिल को भी बयान के लिए नोटिस जारी किया गया है।

### 272 वतनदारों को जारी हुए नोटिस, कई ने दिए बयान

इस मामले में पुलिस ने उस जमीन के 272 मूल वतनदारों—जिन्हें महार वतन परंपरा के तहत जमीन दी गई थी—को भी नोटिस जारी किए हैं। इनमें से कई लोग अपने बयान दर्ज करा चुके हैं। पुलिस का कहना है कि सभी बयानों के आधार पर जांच का अंतिम खाका तैयार किया जाएगा।

### जीवनसाथी को बार-बार आत्महत्या की धमकी देना क्रूरता: कोर्ट



मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने तलाक से जुड़े एक अहम मामले में स्पष्ट किया है कि जीवनसाथी द्वारा बार-बार आत्महत्या की धमकी देना मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि ऐसा आचरण बार-बार दोहराया जाए तो दंपती के लिए वैवाहिक संबंध जारी रखना असंभव हो जाता है। यह फैसला उस याचिका पर दिया गया, जिसमें एक व्यक्ति ने पारिवारिक अदालत के 2019 के आदेश को चुनौती दी थी। पारिवारिक अदालत ने उसकी तलाक याचिका खारिज कर दी थी। व्यक्ति की शादी 2006 में हुई थी, लेकिन विवादों के चलते वह 2012 से पत्नी से अलग रह रहा था। उसने आरोप लगाया था कि पत्नी द्वारा आत्महत्या की धमकी देना, संदेह करना और दबाव बनाना—हिंदू विवाह अधिनियम के तहत तलाक के वैध आधार हैं।

**पश्चिम रेलवे**
**रखरखाव एवं मरम्मत कार्य**
मुख्य कारखाना प्रबंधक, ईएमयू कारखाना, महालक्ष्मी, मुंबई- 400013, **ई-निविदा सूचना संख्याः EL90/MX/2025-26/05RT दिनांक 17.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** आरडीएसओ विनिर्देश संख्याः आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/2025, संस्करण 3.1 या नवीनतम के अनुसार ईएमयू/एमईएमयू कोचों में आईपी आधारित वीडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग। **कार्य की अनुमानित लागतः** 92,52,43,782/-, **अग्रिम राशिः** 47,76,200/-, **निविदा जमा करने एवं निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 12.00 बजे तक। 19.12.2025 को (इलेक्ट्रॉनिक रूप से) अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। **0807**
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## बीएमसी चुनाव में अकेले चुनाव लड़ेगी सपा



### 150 सीटों पर उतारेगी उम्मीदवार

मुंबई। समाजवादी पार्टी (SP) के वरिष्ठ नेता और विधायक अबू आसिम आजमी ने मुंबई की सामाजिक और प्रशासनिक स्थिति पर गंभीर सवाल उठाते हुए, सरकार और BMC को कठघरे में खड़ा किया। मरीन लाइंस स्थित इस्लाम जिमखाना में आयोजित पत्रकार परिषद में उन्होंने परप्रांतीयों के खिलाफ कथित भेदभाव, भ्रष्टाचार, धीमे विकास कार्य, दूषित पानी, बदहाल स्कूल और बिगड़ती कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर खुलकर बयान दिए। आजमी ने कहा कि "मुंबई परप्रांतीयों की मेहनत पर खड़ी है", इसलिए उनके साथ भेदभाव असंवैधानिक है और इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### भ्रष्टाचार, घटिया बुनियादी सुविधाएं और शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

आजमी ने आरोप लगाया कि BMC और प्रशासनिक विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है, जिसके कारण सड़कें, नालियां, जल आपूर्ति और सफाई व्यवस्था जैसे बुनियादी काम ठप पड़े हैं। उन्होंने कहा कि कई वार्डों में दूषित और बदबूदार पानी की सप्लाई प्रशासन की "कुप्रबंधन की देन" है, न कि वास्तविक जल संकट। BMC स्कूलों की स्थिति पर भी उन्होंने चिंता जताई—जर्जर इमारतें, खराब शौचालय, गंदगी और संसाधनों की भारी कमी। आजमी ने कहा कि "बच्चों का भविष्य कागजों में चमकदार और जमीन पर अंधकारमय" है।

एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामला

# एक्टिविस्ट ज्योति जगताप को 'सुप्रीम' राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत



मुंबई/नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एल्गार परिषद–माओवादी लिंक मामले में गिरफ्तार एक्टिविस्ट ज्योति जगताप को बुधवार को अंतरिम जमानत दे दी। जस्टिस एम. एम. सुंद्रेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने यह आदेश उनके वकीलों अपर्णा भट्ट और करिश्मा मारिया की दलीलों पर सुनवाई के बाद दिया। बचाव पक्ष ने कहा कि जगताप पिछले 5 साल से अधिक समय से जेल में हैं और ट्रायल शुरू होने में अब भी लंबा समय लग सकता है।

### हाईकोर्ट ने लगाया था भड़काऊ गतिविधियों का आरोप

इससे पहले बॉम्बे हाईकोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि जगताप कबीर कला मंच (केकेएम) की सक्रिय सदस्य थीं और 31 दिसंबर 2017 को आयोजित एल्गार परिषद कार्यक्रम में उन्होंने अपने नाट्य प्रदर्शन के दौरान "अत्यंत भड़काऊ और आक्रामक" नारे लगाए। हाईकोर्ट ने माना था कि एनआईए द्वारा लगाए गए आरोप—जिनमें आतंकवादी कृत्यों की साजिश, प्रोत्साहन और समर्थन शामिल है—प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होते हैं।

### एनआईए ने केकेएम को बताया माओवादी संगठन का मुखौटा

एनआईए के अनुसार कबीर कला मंच, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का एक फ्रंट संगठन है। इसी आधार पर जगताप के खिलाफ यूएपीए के तहत आरोप लगाए गए थे। फरवरी 2022 में विशेष अदालत द्वारा जमानत से इनकार किए जाने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट में अपील की थी।

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
**(महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)**
म्हाडा MHADA
दूरभाष संख्याः 022-66405250, ई-मेलः eee.east1@gmail.com
संदर्भ संख्याः EE/पूर्व/MSIB/etender/81/2025-26
**ई-निविदा सूचना संख्याः 81**
कार्यकारी अभियंता (पूर्व) प्रभाग, मुंबई स्लम सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा संख्याः 536, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051, फ़ोन संख्याः (022) 66405251, संबंधित ठेकेदार वर्ग या किसी भी पंजीकृत ठेकेदार से B1 (प्रतिशत दर) के रूप में 09 कार्यों के लिए खुली/नियमित ई-निविदा आमंत्रित कर रहा है। सरकारी/अर्ध-सरकारी संगठनों के लिए, ऑनलाइन ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in से उपलब्ध और डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज़ वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज़ों की बिक्री दिनांक 20/11/2025, सुबह 10:30 बजे से शुरू होकर दस्तावेज़ों की बिक्री की अंतिम तिथि 27/11/2025, शाम 6:15 बजे तक होगी। यदि कोई शुद्धिपत्र/संशोधन हो, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
Follow us: @mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/990
हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
M.S.I.B. बोर्ड, मुंबई
म्हाडा-राष्ट्र में अग्रणी आवास प्राधिकरण

**पश्चिम रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
निविदा सूचना संख्या EL 81/2/669/WA/50, दिनांक 30.10.2025 को रद्द माना जाए। **0809**
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**रखरखाव एवं मरम्मत कार्य**
वरिष्ठ डीईई/टीआरएस/बीएल, विद्युत लोको शेड, पश्चिम रेलवे, वलसाड 396 001 (गुजरात) **निविदा सूचना संख्याः ईएल/टीआरएस/बीएल/24-25/डब्ल्यूओ/21आर, दिनांक 18.11.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य एवं स्थानः** सैंड बॉक्स और उसके सहायक उपकरणों का पूर्ण रखरखाव एवं मरम्मत, सैंड बॉक्स में रेत भरना, वीसीबी, बीवी बॉक्स, रूफ सीटिंग, दरवाजे, खिड़की आदि के गैस्केट बदलना और ईएलएस/बीएल में सभी प्रकार के लोको के रूफ चैनल की मरम्मत 2 वर्ष की अवधि के लिए। **कार्य की अनुमानित लागतः** 48,71,180.56, **अग्रिम राशिः** 97,400/-, **जमा करने की तिथि एवं समयः** 10.12.2025, 12:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 10.12.2025 को दोपहर 12:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। **0805**
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**
**सीधी कनेक्टिविटी का प्रावधान**
भारत के राष्ट्रपति और केंद्रीय रेलवे, मुंबई सीएसटी 400001 की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है, जिसके लिए मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भवन। **निविदा सूचना नं.: सीआर / बीबी/सं. एवंदु सं/ पूर्व 2025/63, दिनांक: 18.11.2025. कार्य का नाम**: मध्य रेलवे के तलोजा-पंचनंद स्टेशन और डब्ल्यूडीएफसी के न्यू निलजे स्टेशन के बीच सीधी कनेक्टिविटी का प्रावधान। **लगभग मूल्य**: रु. 2.285/- करोड़। **ईएमडी**: रु. 2,64,300/-. **खुलने की तारीख**: 16.12.2025. **वैधता**: 60 दिन। **समापन अवधी**: 12 महीने। यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है। **AK-669**
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है


**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**
जा.क्र.SRA/CO/OW/२०२५/५१ दिनांक : १७/११/२०२५
**विशेष सर्वसाधारण सभेची नोटीस**
**नियो. कमर इन्क्लेव्हस एस.आर.ए. सहकारी गृहनिर्माण संस्था, सी.एस.नं. ६३९ (पार्ट) माझगांव विभाग, रामभाऊ भोगले मार्ग, घोडपदेव, मुंबई १०** या संस्थेचे परिशिष्ट-२ मा. सक्षम प्राधिकारी-१, झो.पु.प्रा., मुंबई यांनी निर्गमित केलेले आहे. सदरील परि-२ मध्ये पात्र असणा-या झोपडीधारकांची सहकारी गृहनिर्माण संस्था नोंदणी करण्यासाठी आवश्यक असणारी नोंदणीपुर्व सभा घेण्यासाठी मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था, झो.पु.प्रा. यांच्या दिनांक १७/११/२०२५ रोजीच्या आदेशान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून नियक्ती करण्यात आलेली आहे.
त्यानुसार योजनेतील पात्र झोपडीधारकांची नाव आरक्षण **सभा रविवार, दि. ३०/११/२०२५ रोजी सकाळी ११.०० वा. स्थळ छत्रपती शिवाजी विद्यालय, २ रा मजला, वर्ग क्रमांक-२, काळाचौकी, मुंबई - ३३** येथे आयोजित करण्यात आलेली आहे. सदरील सभेत खालील विषयांवर चर्चा होवून निर्णय घेण्यात येणार आहे. तरी सदर सभेत उपस्थित रहावे ही विनंती.
**-: सभेपुढील विषय :-**
१. मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची निवड करणे.
२. नियो. संस्थेच्या नावास मान्यता घेणे व नाव आरक्षण प्रस्ताव दाखल करणेबाबत निर्णय घेणे.
३. संस्थेसाठी नविन उपविधी स्विकारण्यासाठी मंजूरी देणे.
४. संस्थेच्या नोंदणी प्रस्तावावर सहया करण्यासाठी मुख्यप्रवर्तक यांना अधिकार देणे.
५. भाग भांडवल व प्रवेश फी जमा करणेबाबत निर्णय घेणे.
६. संस्थेचे बँक खाते उघडण्यास मुख्यप्रवर्तक यांना प्राधिकृत करणे.
७. मागाहून पात्र होणा-या झोपडीधारकांना संस्थेचे सभासद करुन घेणे अथवा अपात्र झोपडीधारकांचे सभासदत्व रद्द करण्याचे अधिकार कार्यकारी मंडळास देणे.
सही/-
**(विरधवल जाधव)**
प्राधिकृत अधिकारी तथा सहकारी अधिकारी,
श्रेणी-२, झो.पु.प्रा., बृहन्मुंबई
**ठिकाण : मुंबई**
**दिनांक : १७/११/२०२५**
**सूचनाः-** मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक निवडणूकीचा कार्यक्रम खालीलप्रमाणे राहील.

| अ.क्र. | वेळ | विषय |
|---|---|---|
| १) | सभेच्या दिलेल्या वेळेपासून 2 तास | मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांच्यासाठी नामनिर्देशन अर्ज दाखल करणे. |
| २) | 15 मिनिटे | आलेल्या अजर्जाची छाननी करणे. |
| ३) | 15 मिनिटे | नामनिर्देशन पत्र परत घेणे. |
| ४) | 15 मिनिटे | पॅनलची मागणी करणे. |
| ५) | पुढील अर्धातास | चिन्ह वाटप करणे. |

- मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक या पदासाठीचे विहीत अर्ज प्राधिकृत अधिकारी यांचेकडे उपलब्ध असतील.
- विषय पत्रिकेवरील विषय क्र. १ नुसार मुख्यप्रवर्तकाची निवड होईपर्यंतचे सभेचे प्राधिकृत अधिकारी अध्यक्ष म्हणून काम पाहतील त्यानंतर मुख्यप्रवर्तक हे सभाअध्यक्ष म्हणून काम पाहतील. (सदरील सभेत विषय पत्रिकेवर दिलेल्या विषयाशिवाय अन्य विषयावर चर्चा करता येणार नाही)
- सभेस नियोजित संस्थेच्या मंजूर परिशिष्ट-२ व पुरवणी परि-२ मधील पात्र झोपडीधारक पती/पत्नी या दोघांपैकी एकाच व्यक्तीस उपस्थित राहता येईल. इतर नातेवाईकांना अथवा प्रतिनिधींना उपस्थित राहता येणार नाही.
- मंजूर परिशिष्ट-२ व पुरवणी परि-२ मधील व्यक्तींनी स्वतःची ओळख होईल अशा ओळखपत्रासह (आधार कार्ड/निवडणूक ओळखपत्र/पॅनकार्ड इत्यादी) उपस्थित रहावे.
- संस्थेच्या पात्र झोपडीधारकांना सभागृहात प्रवेश देते वेळी त्यांनी त्यांची ओळख पटवून सभेच्या उपस्थिती नोंदवहीत स्वाक्षरी करुन व बायोमॅट्रीक पध्दतीने उपस्थिती नोंदविल्यानंतरच सभागृहात प्रवेश दिला जाईल.
- सभेच्या कामाकाजाचे प्राधिकरणामार्फत व्हिडीओ चित्रीकरण करण्यात येईल.
- मुख्यप्रवर्तक व इतर प्रवर्तक यांची एकूण संख्या सहकारी गृहनिर्माण संस्थांच्या आदर्श उपविधीमध्ये निश्चित केल्याप्रमाणे राहील.

## भाजपा को अब शिंदे की जरूरत नहीं: राकांपा

मुंबई। महाराष्ट्र की सत्तासीन महायुति गठबंधन में खटपट की खबरों के बीच राकांपा-शरद पवार गुट ने भाजपा और शिवसेना पर तीखा कटाक्ष किया है। पार्टी प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना मंत्रियों के बीच उभरते कथित तनाव से साफ संकेत मिलता है कि भाजपा को अब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की जरूरत नहीं रही। उन्होंने उन रिपोर्टों का जिक्र किया जिनमें दावा किया गया था कि शिंदे अपने मंत्रियों की गैरमौजूदगी के बीच अकेले ही कैबिनेट बैठक में पहुंचे। क्रास्टो ने कहा कि फडणवीस के व्यवहार से यह भी झलकता है कि न तो मुख्यमंत्री और न ही शिवसेना मंत्री, शिंदे को पर्याप्त सम्मान देते हैं।



एक्स पर पोस्ट करते हुए क्रास्टो ने लिखा, "अगर एकनाथ शिंदे में थोड़ा भी आत्मसम्मान है, तो उन्हें सरकार से बाहर निकल जाना चाहिए। अगर वह सही समय पर फैसला नहीं लेते, तो जल्द ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।" गौरतलब है कि महायुति सरकार भाजपा, शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के समर्थन से चल रही है। क्रास्टो ने आरोप लगाया कि भाजपा ने अब स्पष्ट कर दिया है कि उसे शिंदे की जरूरत नहीं रही, वहीं स्थानीय निकाय चुनावों से पहले शिवसेना में हालिया शामिलियों को लेकर आंतरिक नाराजगी बढ़ गई है।शिवसेना के अधिकांश मंत्रियों का मंगलवार की साप्ताहिक कैबिनेट बैठक से दूर रहना भाजपा की नाराजगी का संकेत माना गया। इसके बाद फडणवीस और शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना मंत्रियों की बैठक हुई, जिसके बाद तनाव कम होने की खबर आई। पत्रकारों से बातचीत में शिंदे ने बताया कि महायुति की तीनों पार्टियां अब एक-दूसरे के नेताओं को शामिल करने से परहेज करेंगी, ताकि गठबंधन में एकजुटता बनी रहे।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
**निर्वाचन विभाग**
**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | मूल्यांकन एवं संग्रहण विभाग |
| उप विभाग | निर्वाचन विभाग |
| कुल ई-निविदा मूल्य | रु. 9,87,660/- |
| संवीक्षा शुल्क | रु. 1452/- + 18% जीएसटी = कुल रु. 1714/- |
| निविदा के लिए राशि जमा करें | रु.19,800/- |
| ई-निविदा क्र. | 2025_एमसीजीएम_1247106_1 |
| विषय | बृहन्मुंबई महानगरपालिका आम चुनाव 2025 के कार्य हेतु प्रशासनिक कार्यालयों एवं चुनाव गोदामों में कार्यालय कार्य हेतु 4 माह के लिए कम्प्यूटर, प्रिंटर किराये पर लेने तथा प्रिंटर के लिए कम्पैटिबल कार्ट्रिज क्रय करने के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करने के संबंध में। |
| ई-निविदा प्रपत्र बिक्री | दिनांक 20.11.2025 प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 26.11.2025 समय 16.00 बजे तक |
| A, B और C पैकेट एकत्र करने के लिए आखिरी दिन और समय | दिनांक 26.11.2025 समय 16.00 बजे तक |
| पैकेट 'ए' खोलना | दिनांक 28.11.2025 समय 11.00 बजे |
| पैकेट 'बी' खोलना | दिनांक 28.11.2025 समय 11.05 बजे |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | प्रशासनिक अधिकारी (व्यय) |
| अ) नाम | श्री. सोमनाथ सोनटकले |
| ब) कार्यालय संपर्क क्र. | ०२२-२३००५६८४ |
| ए) मोबाइल नंबर | ९८३३०२२६६९ |
| घ) ई-मेल आईडी | aetdo.election@mcgm.gov.in |
| कार्यालय का पता | उप-निर्धारक और कलेक्टर (चुनाव) का कार्यालय, भूतल, पुरानी इमारत, मनपा मुख्यालय, मुंबई - 400001 |

हस्ता/-
पीआरओ/ 2311 /विज्ञा./2025-26
उप कर निर्धारक एवं संकलक (चुनाव)
समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**
**उल्हासनगर शहर अभियंता, सार्वजनिक बांधकाम विभाग यांचे कार्यालय**
**ई- निविदा क्र.२६३ (२०२५-२६)**
उल्हासनगर महानगरपालिका शहरामधील खालील नमुद कामे योग्य वर्गातील ठेकेदाराकडून निविदा प्रणाली पध्दतीनुसार महानगरपालिकेच्या अटी व शर्तीस अधिन राहून दिनांक २०/११/२०२५ रोजी निविदा मागविण्याकरीता प्रसिध्द करण्यात येत आहे. सदर निविदा प्रणालीबाबत इतर आवश्यक माहिती https://mahatenders.gov.in/ या संकेत स्थळावर प्रसिध्द करण्यात आली आहे.
**ई- निविदा क्र, २६३ (२०२५-२६)**

| क्र. | निविदा क्रमांक | कामाचे नांव | निविदा रक्कम (जी.एस.टी वगळून) | इसारा रक्कम | कालावधी | वर्गवारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | उमपा/साबांवि/नोटीस/२०२५-२६/२६३ | सार्वत्रिक निवडणुक २०२५ करीता मतदान केंद्राची दुरुस्ती करणे. (प्रभाग क्षेत्र क्र.१) | ५६७७५४३ | ५७००० | १ महिना | NA |

सदर निविदा प्रणालीबाबत इतर आवश्यक माहिती https://mahatenders.gov.in/ या संकेतस्थळावर प्रसिध्द करण्यात आली आहे.
सही/-
जा.क्र./उमपा/पीआरओ/३९१/२०२५
दिनांक - १९/११/२०२५
कार्यकारी अभियंता (साबांवि)
उल्हासनगर महानगरपालिका

संपादकीय

# नाबालिगों के अपराध

हाल ही में, दिल्ली के विजय विहार इलाके में लूट का विरोध करने वाले एक ऑटो चालक की निर्मम हत्या में पांच नाबालिगों की गिरफ्तारी गंभीर चिंता बढ़ाने वाली है। देश में नाबालिगों के बालिगों की तर्ज पर गंभीर अपराधों को अंजाम देने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। वहीं दिल्ली की घटना में गिरफ्तार किशोरों की स्वीकारोक्ति डराने वाली है कि वे नशे के आदी हैं और पैसे जुटाने के लिये लूटपाट जैसे अपराधों में लिप्त रहते हैं। यह घटना हमारे समाज में पनप रही विकृतियों की ओर इशारा कर रही है। साथ ही यह भी संकेत कि अब वक्त आ गया है कि किशोर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये सख्त कानूनों के प्रावधान हों। इसकी वजह यह है कि किशोरों को अपराध करने के बाद सामान्य जेलों में रखने के बजाय बाल सुधार गृहों में भेज दिया जाता है। लेकिन बाल सुधार गृहों में रहने के दौरान भी ऐसे अपराधी किशोरों में बड़ा बदलाव नजर नहीं आता। अक्सर देखा जाता है कि बाल सुधार गृहों में रहने की सीमित अवधि के बाद कई किशोर फिर अपराधों की दुनिया में उतर जाते हैं। समाज विज्ञानियों का मानना है कि किशोर अपराधों को लेकर कानून के अस्पष्ट और लचर होने की वजह से भी दोषियों को दंडित नहीं किया जा सकता। अक्सर कहा जाता है कि नाबालिगों की सजा के मामले में अभियुक्त की उम्र को घटा दिया जाए। दरअसल, बदलते परिवेश में समय से पहले किशोरों में वयस्कों की नकारात्मक प्रवृत्तियां पनपने लगी हैं। जिसके चलते वे बड़ों के जैसे अपराध तो करते हैं। लेकिन उन्हें उस अनुपात में सजा नहीं दी जा सकती। वैसे यह भी हकीकत है कि किशोरों के सामने लंबा भविष्य होता है। यदि परिस्थितिवश या मजबूरी में वे कोई अपराध करते हैं तो उन्हें सुधरने का मौका दिया जाना चाहिए। वैसे भी दंड का अंतिम उद्देश्य व्यक्ति में सुधार ही होता है। दरअसल, इस तथ्य पर भी विचार करने की जरूरत है कि यदि किशोर सजा काटने के बाद भी लगातार अपराध की दुनिया में सक्रिय रहते हैं तो उसके लिये दंड के सख्त प्रावधान होने चाहिए। वहीं, अपराध के मूल में आर्थिक विषमताएं भी हैं, जिसके चलते वे पढ़-लिख नहीं पाते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में तमाम सामाजिक विद्रूपताएं भी किशोर मन में नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। जैसेकि दिल्ली की घटना में लिप्त किशोरों ने स्वीकारा कि वे नशे के आदी हैं, यह घटना हमारे समाज में नशे के नासूर से उपजे संकट की ओर इशारा करती है। ऐसे में नशे पर अंकुश के साथ ही उन सामाजिक विसंगतियों पर नजर रखने की जरूरत है जो किशोर मन के भटकाव को जन्म देती हैं। दूसरा संकट भारतीय समाज में जीवन मूल्यों का तेजी से होता पराभव भी है। किशोरों को नैतिक शिक्षा का पाठ सही ढंग से न स्कूलों में मिल पा रहा है और न ही घरों में। इस संकट का एक बड़ा पहलू इंटरनेट पर जहरीली व अश्लील सामग्री की प्रचुरता भी है। अक्सर किशोरों व वयस्कों के अपराधों के कारण जानने पर पता चला कि उन्होंने इंटरनेट पर अश्लील सामग्री देखने के बाद यौन हिंसा को अंजाम दिया। ऐसे में बच्चों को संस्कार स्कूल और घर के बजाय मोबाइल से मिल रहे हैं। इंटरनेट पर प्रसारित आपत्तिजनक सामग्री को कौन और किस उद्देश्य से डाल रहा है, कहना कठिन है। लेकिन इतना तय है कि सोशल मीडिया व इंटरनेट से जुड़े विभिन्न माध्यमों में परोसी जा रही विषैली सामग्री बाल मन पर बुरा असर डाल रही है।

शख्सियत | मिल्खा सिंह

## भारत के धावक सम्राट



मिल्खा सिंह (20 नवंबर 1929 – 18 जून 2021), जिन्हें द फ्लाइंग सिख के नाम से भी जाना जाता है, एक भारतीय ट्रैक एंड फील्ड धावक थे, जिन्हें भारतीय सेना में सेवा के दौरान इस खेल से परिचित कराया गया था। वह एशियाई खेलों के साथ-साथ राष्ट्रमंडल खेलों में 400 मीटर में स्वर्ण जीतने वाले एथलीट हैं। उन्होंने 1958 और 1962 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीते।

मिल्खा सिंह का जन्म 20 नवंबर 1929 को एक सिख राठौर राजपूत परिवार में हुआ था। उनका जन्मस्थान गोविंदपुरा था, जो ब्रिटिश भारत (अब कोट अड्डू जिला, पाकिस्तान) के पंजाब प्रांत के मुजफ्फरगढ़ शहर से 10 किलोमीटर दूर एक गाँव है। वह 15 भाई-बहनों में से एक थे, जिनमें से आठ की मृत्यु भारत के विभाजन से पहले हो गई थी। विभाजन के दौरान वह अनाथ हो गए थे, जब उनके माता-पिता, एक भाई और दो बहनें हिंसा में मारे गए थे। उन्होंने इन हत्याओं को अपनी आँखों से देखा था।

पंजाब में जारी हिंसा से बचते हुए, 1947 में वह दिल्ली आ गए। सिंह कुछ समय तक अपनी विवाहित बहन के परिवार के साथ रहे और एक बार बिना टिकट ट्रेन में यात्रा करने के कारण तिहाड़ जेल भी जाना पड़ा। उनकी बहन ईश्वर ने उनकी रिहाई के लिए अपने कुछ गहने बेचे। उन्होंने कुछ समय पुराना किला स्थित शरणार्थी शिविर और शाहदरा की एक पुनर्वास कॉलोनी में भी बिताया।

निराशा के दौर में मिल्खा सिंह ने डकैत बनने तक का विचार किया, लेकिन उनके भाई मलखान ने उन्हें भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। 1951 में उन्होंने चौथे प्रयास में सेना में प्रवेश पाया और सिकंदराबाद में इलेक्ट्रिकल मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेंटर में तैनाती के दौरान एथलेटिक्स से परिचित हुए। बचपन में वह रोज़ स्कूल जाने के लिए 10 किमी दौड़कर जाते थे, और सेना में अनिवार्य क्रॉस-कंट्री दौड़ में छठे स्थान पर आने के बाद उन्हें विशेष एथलेटिक्स प्रशिक्षण के लिए चुना गया। सिंह ने स्वीकार किया था कि सेना ने ही उन्हें खेल की दुनिया से परिचित कराया और उन्हें न दौड़ के बारे में पता था, न ओलंपिक के बारे में।

1958 के एशियाई खेलों में सफलता के बाद सिंह को सिपाही से जूनियर कमीशंड अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया। बाद में वह पंजाब शिक्षा मंत्रालय में खेल निदेशक बने, और इस पद से वह 1998 में सेवानिवृत्त हुए। इसी वर्ष उन्हें पद्म श्री से भी सम्मानित किया गया।

2001 में उन्होंने भारत सरकार द्वारा दिए गए अर्जुन पुरस्कार को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि यह पुरस्कार युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए है, और उनके जैसे वरिष्ठ खिलाड़ी के लिए नहीं। उनका यह भी मानना था कि यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जा रहा है जिनकी खेल में उल्लेखनीय भागीदारी नहीं रही, जिससे इसका महत्व कम हो गया है। उन्होंने कहा था कि पद्म श्री मिलने के बाद अर्जुन पुरस्कार स्वीकार करना ऐसा है जैसे मास्टर्स डिग्री के बाद किसी को स्कूल-स्तरीय प्रमाणपत्र दिया जाए।

सिंह ने अपने सभी पदक राष्ट्र को दान कर दिए। 24 मई 2021 को उन्हें COVID-19 के कारण निमोनिया हो गया और उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल की ICU में भर्ती कराया गया। कुछ समय तक उनकी स्थिति स्थिर रही, लेकिन 18 जून 2021 को रात 11:30 बजे चंडीगढ़ में उनका निधन हो गया। उनकी पत्नी निर्मल सैनी का निधन कुछ दिन पहले 13 जून 2021 को COVID-19 के कारण हुआ था। सिंह को उनकी पत्नी की तस्वीर हाथ में लेकर उनकी चिता पर लिटाया गया।





# जयोस्तुते

भाग-52

# विश्वरूपदर्शन

जैसा कि पिछले लेखों में स्पष्ट किया गया है कि 'संघ शाखा चलाना' ही संघ का एकमात्र कार्य है। संघ की शाखाओं में आने वाले स्वयंसेवकों को अच्छे संस्कार देकर उन्हें समाज में अपने-अपने कार्य करने तथा अपनी पसंद के क्षेत्रों में योगदान देने के लिए भेजा जाता है। संघ के संस्कार लेने के कारण समाज में मौजूद अनेक कमियों तथा आवश्यकताओं का स्वयंसेवकों को बोध होता है और इन्हीं कमियों को दूर करने या समाज की जरूरतें पूरा करने के लिए संघ स्वयंसेवक अपनी योग्यता और रुचि के अनुसार विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करते हैं।



मूल लेख : अवधूत वाघ



(मुंबई के प्रथम आरएसएस संघचालक स्व. दादा राव नाईक की महान विरासत को जारी रखने और युवावस्था में आरएसएस और एबीवीपी से जुड़कर गर्व महसूस करनेवाले सारस्वत बैंक के पूर्व निदेशक अवधूत वाघ महाराष्ट्र भाजपा के राज्य प्रवक्ता हैं। वीजेटीआई से 1981 बैच के इंजीनियरिंग स्नातक और जमनालाल बजाज संस्थान से 1987 बैच के वित्तीय प्रबंधन में परा-स्नातक अवधूत वाघ एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ प्रखर समाजसेवी हैं। जल संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनेवाले चार्टर्ड इंजीनियर वाघ को भारत में पेट्रोलियम रिफाइनरियों में वीओसी संग्रह और निष्कासन प्रणाली के लिए आयात विकल्प प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने का श्रेय जाता है। मंझे हुए कबड्डी खिलाड़ी और कवि-लेखक अवधूत वाघ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिलसिलेवार ब्लॉग लिखकर भ्रांतियों को ध्वस्त करने और तथ्यों को सरल तरीके से सामने लाने का काम किया है।)

गुरुजी की प्रेरणा और संघ प्रचारक बलराज मधोक के विचार से स्थापित और प्रो. यशवंतराव केलकर द्वारा विकसित की गई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अमृतलाल विठ्ठलदास उर्फ ठक्कर बप्पा की संकल्पना और 'वनयोगी' रमाकांत केशव और बालासाहेब देशपांडे के नेतृत्व में स्थापित वनवासी कल्याण आश्रम, वरिष्ठ स्वयंसेवक दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा शुरू किया गया भारतीय मजदूर संघ, मावशीबाई केलकर की संकल्पना से गठित राष्ट्रसेविका समिति- ऐसी अनेक संस्थाएं केवल संघ स्वयंसेवकों द्वारा शुरू ही नहीं की गर्इं, बल्कि उनमें से कई संस्थाएं अपने-अपने क्षेत्रों में विश्वस्तरीय बनीं।

सहकारी बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवकों ने जनकल्याण सहकारी बैंक, ठाणे जनता सहकारी बैंक, कल्याण जनता सहकारी बैंक, राजकोट नागरिक सहकारी बैंक, जनता सहकारी बैंक, जनसेवा सहकारी बैंक जैसी कई सहकारी बैंकों की स्थापना की, जो आज तक बिना किसी भ्रष्टाचार के पारदर्शी ढंग से और लाभ में चल रही हैं। संघ के स्वयंसेवकों ने चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टर हेडगेवार अस्पतालों की एक श्रृंखला शुरू की है, जिसके माध्यम से नागपुर आदि कई स्थानों पर आधुनिक और किफायती अस्पताल आम जनता के लिए उपलब्ध हैं। मुंबई का नाना पालकर अस्पताल भी संघ स्वयंसेवकों द्वारा स्थापित है। पद्मश्री गिरीश प्रभुणे ने खानाबदोश और वंचित (भटक्या और विमुक्त) जातियों के उत्थान के लिए 'सेवाग्राम' आश्रम की स्थापना की, जबकि वरिष्ठ स्वयंसेवक भारत रत्न नानाजी देशमुख ने 1969 में स्थापित दीनदयाल अनुसंधान संस्थान के माध्यम से गोंडा ग्रामोदय परियोजना शुरू की। बाद में बीड़, नागपुर और चित्रकूट में भी परियोजनाएं शुरू की गईं। मध्यप्रदेश में चित्रकूट प्रकल्प संघ स्वयंसेवकों के सामाजिक योगदान की साक्षी है। नानाजी की इस परियोजना से समाज के सबसे पिछड़े वर्ग को विश्वविद्यालय, आयुर्वेदिक अस्पताल, फार्मेसी, कृषि विज्ञान केंद्र, आदिवासी बच्चों के लिए विद्यालय और छात्रावास, अनुसूचित जाति के बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय, कौशल प्रशिक्षण केंद्र, गुरुकुल, देशी गायों की नस्ल संरक्षण के लिए शोध केंद्र जैसी सुविधाएं प्राप्त हुईं। चाहे वह संघ स्वयंसेवक मिलिंद कांबले द्वारा दलित उद्यमियों के प्रमुख मंच के रूप में स्थापित दलित भारतीय चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री हो अथवा संघ के भूतपूर्व सहकार्यवाह एकनाथ रानडे द्वारा कन्याकुमारी में निर्मित विवेकानंद स्मारक शिलाशिल्प और विवेकानंद स्मारक हो, आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वामी विवेकानंद के विचारों का प्रसार कर रहे हैं।

ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें संघ स्वयंसेवकों ने समर्पण के साथ कार्य न किया हो या संस्थाएं न खड़ी की हों—स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग, सांस्कृतिक, धार्मिक, व्यावसायिक, कला, विज्ञान, मीडिया, पत्रकारिता आदि अनेकों क्षेत्रों में स्वयंसेवकों ने सराहनीय योगदान दिया है। इसके अलावा भारतीय किसान संघ, भारतीय रेल मजदूर संघ, संस्कार भारती, अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, अखिल भारतीय शिक्षक महासंघ, नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाइजेशन, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, स्वदेशी जागरण मंच, लघु उद्योग भारती, सहकार भारती, दीनदयाल शोध संस्थान, माई होम इंडिया, भारत विकास परिषद, विवेकानंद मेडिकल मिशन, सेवा भारती, लोकभारती, सीमा सुरक्षा परिषद, शिक्षा भारती, बजरंग दल, धर्म जागरण समिति, राष्ट्रीय हिंदू आंदोलन, राष्ट्रीय सिख संगत, भारतीय बौद्ध संघ, मुस्लिम राष्ट्रीय मंच, हिंदू राष्ट्र सेना, जनजाति धर्म संस्कृति सुरक्षा मंच, एकल विद्यालय, पूर्व सीमा विकास परिषद, सरस्वती शिशु मंदिर, विद्या भारती, अखिल भारतीय शिक्षा संस्था, विज्ञान भारती, भारत-तिब्बत मैत्री संघ, भारतीय विचार केंद्र, हिंदू विवेक केंद्र, विवेकानंद केंद्र, इंडिया पॉलिसी फाउंडेशन, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रिसर्च फाउंडेशन, संस्कृत भारती, क्रीडा भारती, भारत तिब्बत सहयोग मंच, विश्व संवाद केंद्र जैसी अनगिनत संस्थाएं संघ स्वयंसेवकों की पहल से कार्यरत हैं, जिनसे समाज के विभिन्न वर्गों को सहायता मिलती है।

देशभर में 51,570 स्थानों पर प्रतिदिन कुल 83,129 शाखाएं लगती हैं। साप्ताहिक मिलन की संख्या 32,147 है। मासिक मंडली की संख्या 12,091 है। कुल शाखाओं की संख्या 1,15,276 है। संघकार्य में सम्मिलित होने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। हर वर्ष लाखों युवा, विशेष रूप से 14-25 आयु वर्ग के, इससे जुड़ रहे हैं। स्वयंसेवक से कार्यकर्ता बनाने के लिए संघ द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत देशभर में 4,415 प्रारंभिक वर्ग आयोजित किए गए, जिनमें 2,22,962 लोग सहभागी हुए। इनमें 1,63,000 युवा (14-25 आयु वर्ग) और 20 हजार से अधिक 40 वर्ष से ऊपर के लोग थे। दूसरी ओर ६६६.१२२.ङ्म१ के माध्यम से 2012 से अब तक 46,000 से अधिक महिलाओं सहित 12,72,453 नागरिकों ने संघ से जुड़ने की इच्छा जताई है। प्रशासकीय संरचना के अनुसार संघ पूरे देश में 58,981 मंडलों में विभाजित है। इनमें से 30,717 मंडलों में दैनिक शाखाएं और 9,200 मंडलों में साप्ताहिक मिलन होते हैं। यह संख्या बढ़कर 39,917 हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 67% अधिक है। मंडलों की संख्या में 3,050 की वृद्धि हुई है। संघकार्य के विस्तार हेतु शताब्दी विस्तारक के रूप में दो वर्ष पूर्णकालिक सेवा का आग्रह किया गया था, जिसके प्रत्युत्तर में 2,453 स्वयंसेवक आगे आए। आज देशभर में संघ स्वयंसेवकों के 89,706 सेवा प्रकल्प चल रहे हैं—जिनमें 40,920 शिक्षा क्षेत्र में, 17,461 चिकित्सा सेवा में, 10,779 स्वावलंबन क्षेत्र में और 20,546 सामाजिक प्रबोधन तथा अन्य उपक्रमों से संबंधित हैं। ग्रामीण विकास के लिए ग्राम विकास तथा गो-संरक्षण जैसे विशेष उपक्रम भी चलाए जाते हैं। 2014 से आज तक पिछले 11 वर्षों से इस राष्ट्र को एक संघ स्वयंसेवक के नेतृत्व का सौभाग्य प्राप्त है। यही नहीं, उस नेता के मार्गदर्शन में करोड़ों स्वयंसेवक राष्ट्रकार्य में जुड़कर कार्यरत हैं। जैसे प्रचंड वर्षा के समय भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका पर गोवर्धन पर्वत उठाकर जनता को बचाया, वैसे ही महाभारत के युद्ध के दौरान अर्जुन को अपना विश्वरूप दिखाया। हमारे देश में भी जब-जब प्राकृतिक आपदाएं आती हैं, तब-तब यही श्रीकृष्ण संघ स्वयंसेवकों के रूप में प्रकट होकर देशवासियों की रक्षा के लिए तत्पर हो जाते हैं। पुरी के जगन्नाथ रथ को लाखों भक्त अपने हाथों से खींचते हैं, तभी वह आगे बढ़ता है। उसी प्रकार भारत को विश्वगुरु बनाने और परमवैभव तक पहुंचाने के लिए जब असंख्य स्वयंसेवक जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से यह राष्ट्रोत्थान का रथ खींचेंगे, तब यह अपने लक्ष्य तक अवश्य पहुंचेगा।

यदि हम मान लें कि भारत की जनसंख्या 144 करोड़ है और उसमें से 65% वयस्क हैं, तो इस देश में लगभग 94 करोड़ लोग वयस्क हैं। इनमें से कम-से-कम 25 करोड़ लोग संघ से संबंधित किसी न किसी संस्था से जुड़े हुए हैं—जो कुल का लगभग 26.5% है। पूरे भारत के संदर्भ में यह अत्यंत विशाल संख्या है। विशेष रूप से जिस संगठन पर तीन बार प्रतिबंध लगाने का प्रयास किया गया, आज उसकी लोकप्रियता और विस्तार सामान्य कल्पना से परे है—और यही संघ का विश्वरूप दर्शन है।

**क्रमशः**

अनुसर्जन : श्वेता शालिनी



(श्री हरि के आनंद-अश्रु से उपजी पापनाशिनी सरिता 'मां सरयू' की सेवा में समर्पित अपने परिवार की शुचिता और सेवा की विरासत को बखूबी सहेजनेवाली श्वेता शालिनी महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। इससे पूर्व सचिव और भाजपा उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रभारी की जिम्मेदारियों का उल्लेखनीय निर्वाह कर चुकी श्वेता शालिनी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ एक सफल उद्यमी हैं। महाराष्ट्र सरकार गठित सेक्शन 8 कंपनी वीएसटीएफ की पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुकी हैं। एक प्रखर वक्ता के रूप में विशेष मुकाम रखनेवाली श्वेता शालिनी दर्शनशास्त्र, जीवन-शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे गूढ़ विषयों पर लिखनेवाली एक प्रतिष्ठित स्तंभकार होने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और विशेषकर ग्रामीणों के उत्थान में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अनुसर्जन का यह उनका पहला प्रयोग है।)

(यह कॉलम हर उस इंसान के लिए है जो संघ को समझना चाहता है, फिर वह समर्थन में हो या विरोध में : संपादक)

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# साधना मार्ग: शुरुआत से सिद्धि तक

मनुष्य का जीवन उसके कर्मों पर आधारित होता है। वही कर्म उसके भाग्य, व्यक्तित्व और उपलब्धियों को आकार देते हैं। हर व्यक्ति प्रतिदिन अनेक कार्य करता है, लेकिन उन कार्यों के पीछे की नीयत ही उसके जीवन की दिशा तय करती है। कर्म सामान्यतः दो प्रकार के माने जाते हैं — सकाम और निष्काम। सकाम कर्म फल की आकांक्षा से प्रेरित होते हैं, जबकि निष्काम कर्म कर्तव्य, सेवा और समर्पण की भावना से किए जाते हैं। निष्काम कर्म ही व्यक्ति को सच्चा संतुलन, शांति



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो। नं। 9425980556

और अंतःशक्ति प्रदान करते हैं। जब मनुष्य अपने कर्मों को ईश्वर के प्रति अर्पण समझकर करता है, तब उसके भीतर से भय, संदेह और असुरक्षा स्वतः दूर हो जाती है और उसका व्यक्तित्व आध्यात्मिक रूप से ऊँचा उठता है।

सकाम कर्मों में व्यक्ति प्रयास तो करता है, पर उसमें अपेक्षा और स्वार्थ की छाया गहरी होती है। उसके लिए सफलता आनंद का कारण बनती है, तो असफलता दुख और निराशा का। ऐसे कर्म उसे परिणामों पर निर्भर बनाए रखते हैं, जिससे उसके मन में अस्थिरता और बेचैनी बनी रहती है। बाहरी उपलब्धियों को ही जीवन की सफलता समझने वाला व्यक्ति भीतर से खालीपन महसूस करता है, क्योंकि उसकी संतुष्टि क्षणिक परिस्थितियों पर टिकी होती है। इच्छाओं और अपेक्षाओं के कारण वह मोह और निराशा के चक्र में फँस जाता है, जहाँ क्षणिक सुख के बाद लंबे समय तक चिंता और असंतोष का अनुभव होता है। इसके विपरीत, निष्काम कर्म व्यक्ति को एक अनोखी आंतरिक स्वतंत्रता देते हैं। ऐसे व्यक्ति के लिए कर्म एक उपासना के समान होता है, जहाँ महत्व केवल कर्तव्य के पालन का होता है, परिणाम का नहीं। वह यह मानकर चलता है कि फल का निर्णय ईश्वर या प्रकृति की



व्यवस्था पर निर्भर है। इसलिए सफलता हो या असफलता — उसका मन समान रूप से शांत और दृढ़ रहता है। यही भाव उसे सच्चा कर्मयोगी बनाता है। ऐसा व्यक्ति अपने भीतर बसे स्थायी शांति के स्रोत को पहचान लेता है, और वही शांति उसके व्यवहार, व्यक्तित्व और कार्यों में सहज रूप से झलकती है। उसका प्रत्येक कर्म दूसरों को प्रेरित करता है।

निष्काम कर्म व्यक्ति के चरित्र में आत्मबल, धैर्य, करुणा और सेवा की भावना विकसित करते हैं। वह कार्यों को केवल व्यक्तिगत लाभ से नहीं, बल्कि समाज और मानवता के कल्याण से जोड़कर देखता है। भगवद्गीता का शाश्वत संदेश "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" इसी निष्काम कर्म के सार को उजागर करता है। इस भावना से प्रेरित व्यक्ति किसी विशेष प्रशंसा या पुरस्कार की प्रतीक्षा नहीं करता, क्योंकि उसे कार्य स्वयं में ही संतोष देता है।

ऐसा दृष्टिकोण मनुष्य को बाहर से कर्मशील और भीतर से मुक्त बनाता है। अंततः, सकाम कर्मों से निष्काम कर्मों की ओर बढ़ना आत्मा की परिपक्वता की यात्रा है — जहाँ मनुष्य इच्छा से कर्तव्य, स्वार्थ से सेवा और अपेक्षा से समर्पण की ओर बढ़ता है। इस परिवर्तन से जीवन का गहरा अर्थ समझ में आता है, और अस्तित्व में शांति, उद्देश्य और संपूर्णता का प्रस्फुटन होता है। जब मनुष्य अपने कर्मों को साधना मान लेता है, तब उसका जीवन तप बन जाता है। वह समझ जाता है कि सेवा ही धर्म है और निष्काम कर्म ही सच्ची पूजा है। ऐसे कर्म मनुष्य के भीतर प्रकाश जगाते हैं, उसकी आत्मा को शुद्ध करते हैं और उसे परम सत्य के निकट ले जाते हैं, जहाँ कर्म और भक्ति का मिलन हो जाता है। इस प्रकार, कर्म का मार्ग केवल बाहरी सफलता तक सीमित नहीं, बल्कि यह आध्यात्मिक उन्नति का भी पथ है। जो व्यक्ति निष्काम भाव से कार्य करता है, वह जीवन के हर उतार-चढ़ाव में शांत, स्थिर और संतुष्ट बना रहता है। यही अवस्था कर्मयोग को भक्ति और ज्ञान के साथ जोड़ देती है — और मनुष्य एक साधक से आगे बढ़कर सच्चा योगी बन जाता है।

## अपने विचार



पार्टी बची कहाँ है? 'पहले मुझे निकाला फिर देवी जैसी मेरी बहन रोहिणी जी को निकाला। पूरा बिहार हंस रहा था कि जिस परिवार ने लोगों को हंसाया और रुलाया, वही आज खुद मज़ाक का पात्र बन गया।

–तेजप्रताप यादव
अध्यक्ष, जनता दल



'महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस अकेला ही राष्ट्रीय पक्ष है, तो उसे कभी-कभी राष्ट्रीय पक्ष होने का सपना याद आ जाता है। अभी बिहार में जो दुर्दशा हुई, उसे लगता है कांग्रेस भूल गई है।

–आनंद दुबे
नेता, शिवसेना (यूबीटी)

अपने विचार
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनों के समय में संशोधन

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे की दो जोड़ी ट्रेनों के ठहराव के समय में तत्काल प्रभाव से संशोधन किया गया है। ट्रेन संख्या 10115 बांद्रा टर्मिनस – मडगाँव एक्सप्रेस के ठहराव का समय संशोधित कर रत्नागिरी स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 16:05/16:10 बजे के बजाय 15:35/15:40 बजे कर दिया गया है। कणकवली स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 18:40/18:42 बजे के बजाय 18:00/18:02 बजे होगा। सिंधुदुर्ग स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 19:00/19:02 बजे के बजाय 18:20/18:22 बजे होगा। ट्रेन संख्या 19259 तिरुवनंतपुरम नॉर्थ – भावनगर टर्मिनस एक्सप्रेस के ठहराव का समय संशोधित कर सिंधुदुर्ग स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान 12:20/12:22 बजे के बजाय 12:50/12:52 बजे कर दिया गया है।

### भिवंडी में कांग्रेस ने शुरू किया उम्मीदवारी फॉर्म वितरण

**भिवंडी।** आगामी भिवंडी महानगरपालिका चुनाव की तैयारियों को गति देते हुए बुधवार को भिवंडी शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में इच्छुक उम्मीदवारों के लिए उम्मीदवारी फॉर्म वितरण की प्रक्रिया शुरू की गई, जिसका शुभारंभ जिला अध्यक्ष एडवोकेट अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन ने किया। पहले ही दिन करीब 40 इच्छुकों ने फॉर्म हासिल किए। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ही भिवंडी के विकास का मार्ग प्रशस्त कर सकती है और प्रयास रहेगा कि जनता से जुड़े, शिक्षित व ईमानदार प्रतिनिधि चुनाव मैदान में उतरें। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुरेश टावरे, डॉ. नूर अंसारी, जावेद फारूकी, जाबिर अंसारी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष ने इच्छुकों से प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 6 बजे के बीच कार्यालय से फॉर्म लेने की अपील की, साथ ही भिवंडी के नागरिकों से कांग्रेस उम्मीदवारों को समर्थन देकर शहर को बेहतर और पारदर्शी प्रशासन दिलाने की बात भी कही।

### इंदिरा गांधी जयंती पर पुष्पांजलि, राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ

**ठाणे।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर जिलाधिकारी कार्यालय के समिति कक्ष में जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और राष्ट्रीय एकता



दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिलाधिकारी हरिश्चंद्र पाटिल, निवासी उप जिलाधिकारी डॉ. संदीप माने, उप जिलाधिकारी (सामान्य प्रशासन) रूपाली भालके, तहसीलदार सचिन चौधरी, रेवन लेम्बे, अमोल कदम, जिलाधिकारी के निजी सहायक गिरीश काले सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




# म्हाडा कॉलोनियों के ग्रुप रीडेवलपमेंट को मिली मंज़ूरी

### जर्जर इमारतों के लिए नई नीति, रीडेवलपमेंट को पटरी पर लाने की कोशिश

दीपक पवार | मुंबई

राज्य सरकार ने मुंबई की 56 MHADA कॉलोनियों के लिए ग्रुप रीडेवलपमेंट की व्यापक नीति को मंज़ूरी दे दी है। यह नीति 20 एकड़ या उससे अधिक क्षेत्र वाली MHADA जमीनों पर लागू होगी। दशकों पुरानी और जर्जर इमारतों के रीडेवलपमेंट की धीमी प्रक्रिया को गति देने का दावा किया गया है, जिससे सैकड़ों परिवारों को सुरक्षित और आधुनिक घर मिलने की संभावना बढ़ी है। हालांकि इस फैसले पर निवासियों व विशेषज्ञों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं—कई इसे रुके हुए प्रोजेक्ट्स के समाधान के रूप में देख रहे हैं, जबकि अन्य सहमति के बिना रीडेवलपमेंट लागू करने को चिंताजनक मान रहे हैं।

### रीडेवलपमेंट को लेकर सहमति के बिना आपत्ति

मुंबई कंज्यूमर पंचायत के वर्किंग प्रेसिडेंट शिरीष देशपांडे ने कहा कि नीति के फायदे होने के बावजूद निवासियों की सहमति के बिना ग्रुप रीडेवलपमेंट लागू करना अनुचित है। सेक्शन 79A गाइडलाइंस के मुताबिक किसी भी हाउसिंग सोसाइटी में रीडेवलपमेंट के लिए कम से कम 51% सदस्यों की सहमति अनिवार्य है। ऐसे में सीधे सरकारी निर्णय से रीडेवलपमेंट आगे बढ़ाना आपत्तिजनक बताया जा रहा है। देशपांडे का कहना है कि यदि सरकार और MHADA सभी सोसाइटी सदस्यों को भरोसे में लेकर लाभ समझाए, तो स्वीकृति मिलना संभव है। वहीं, कॉलोनियों में अलग-अलग प्लॉट साइज़, सहमति की कमी, और आंतरिक प्रतिस्पर्धा जैसे मुद्दे भी बार-बार सामने आ रहे हैं, जो ग्रुप रीडेवलपमेंट को चुनौतीपूर्ण बनाते हैं।

### ग्रुप रीडेवलपमेंट ही सबसे बेहतर विकल्प

**विशेषज्ञों ने जताई चिंता**

आर्किटेक्ट दिनेश वराडे समेत कई जानकारों ने इसे सही दिशा में कदम बताया है। उनके अनुसार, कॉलोनियों में स्वतंत्र रीडेवलपमेंट कई बार प्रतियोगिता, वित्तीय अड़चनों या प्रबंधन के अभाव में रुक जाता है। इसके मुकाबले ग्रुप रीडेवलपमेंट में समान प्लॉट साइज़, साझा सुविधाएं, कम मेंटेनेंस खर्च और बेहतर शहरी नियोजन संभव होता है। कई इमारतें पहले से ही खतरनाक स्थिति में हैं, और लंबे समय से रीडेवलपमेंट रुका हुआ है—ऐसे में यह नीति 56 कॉलोनियों के लिए बदलाव का मौका साबित हो सकती है। हालांकि, रिहायशी लोग अब भी इस बात पर नज़र टिकाए हुए हैं कि अंतिम नीति कैसे लागू होगी और क्या प्रक्रिया वास्तव में आम सहमति से आगे बढ़ाई जाएगी।

अंबरनाथ नगर पालिका चुनाव

# नामांकन जांच में देरी से उम्मीदवार नाराज़




डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ

अंबरनाथ नगर पालिका आम चुनाव 2025–26 के लिए नामांकन पत्रों की जांच अत्यंत धीमी गति से चली, जिससे उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में नाराज़गी फैल गई। भारी संख्या में दाखिल हुए नामांकनों और प्रशासनिक दिक्कतों के कारण जांच प्रक्रिया बार-बार बाधित हुई। चुनाव रिटर्निंग ऑफिसर विजयानंद शर्मा ने बताया कि इस बार पूरे महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा नामांकन अंबरनाथ में ही दाखिल किए गए। 18 नवंबर को 29 वार्डों की 59 सीटों के लिए नामांकन जांच होनी थी, जिसके चलते नगर पालिका परिसर में उम्मीदवारों, परिजनों, नामांकनकर्ताओं और विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कई उम्मीदवारों को आवेदन खारिज होने का डर था। भीड़ संभालने के लिए पुलिस और सुरक्षा गार्डों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### रात 9.50 बजे जारी हुई आधिकारिक सूची

जांच प्रक्रिया शाम 5 बजे तक पूरी होने की उम्मीद थी, लेकिन तकनीकी और प्रशासनिक कारणों के चलते सत्यापन में लंबा समय लगा। कई नागरिकों ने चुनाव प्रणाली और अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। आधिकारिक वैध–अवैध नामांकनों की सूची अंततः रात 9.50 बजे जारी की गई।

### कई उम्मीदवारों ने दिए एक से अधिक आवेदन

रिटर्निंग अधिकारी विजयानंद शर्मा ने बताया कि चुनाव के लिए कुल 400 नामांकन फॉर्म जमा हुए, जिनमें कई उम्मीदवारों ने तीन–चार तक आवेदन दाखिल किए। वकीलों की मौजूदगी, आपत्तियों की सुनवाई और ऑनलाइन–ऑफलाइन जांच प्रक्रिया में आई रुकावटों के कारण कार्यवाही लंबी खिंच गई।

### नगराध्यक्ष पद के 14 में से 11 नामांकन वैध

नगराध्यक्ष पद के लिए दाखिल 14 आवेदनों में से 3 अमान्य पाए गए, जबकि 11 आवेदन वैध घोषित किए गए। वहीं, पार्षद पद के 400 नामांकनों में से 54 अमान्य और 346 वैध घोषित किए गए। यह जानकारी मुख्य अधिकारी उमाकांत गायकवाड़ ने दी। अधिकारियों ने साफ किया कि ऑनलाइन प्रक्रिया में तकनीकी समस्याएँ और विपक्षी उम्मीदवारों की आपत्तियों पर विस्तृत सुनवाई के कारण जांच में अपेक्षा से अधिक समय लगा।

## 'सतयुग आगमन साकेत महायज्ञ 2025-26' का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

परम पूज्य सद्गुरु श्री दयाल जी महाराज की अनंत कृपा से दिव्य और ऐतिहासिक "सतयुग आगमन साकेत महायज्ञ 2025-26" का आयोजन नवी मुंबई में 24 दिसंबर 2025 से 3 जनवरी 2026 तक गामी इंडस्ट्रियल पार्क में होने जा रहा है। देशभर से हजारों श्रद्धालुओं, संत-सेवकों और गुरु भक्तों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। सेवादल के सदस्य आयोजन स्थल पर निरंतर व्यवस्था में जुटे हुए हैं। यह महायज्ञ सद्गुरु श्री दयाल जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित होने वाला चौथा विशाल आध्यात्मिक आयोजन होगा।




### भक्ति, ध्यान और सेवा के विविध कार्यक्रम


आयोजकों के अनुसार यह महायज्ञ केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का महापर्व है, जहाँ आत्मा को शांति, करुणा और दिव्य अनुभूति प्राप्त होगी। आयोजन के तहत भक्ति, ध्यान, सत्संग और सेवा से संबंधित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनका उद्देश्य समाज में प्रेम, सद्भाव और सत्य की भावना को मजबूत करना है। भक्तों से अनुरोध किया गया है कि जिनके घरों में यज्ञ गुल्लक (दान पात्र) हैं, वे योगदान देना प्रारंभ करें, जबकि सभी देवियाँ (भक्त महिलाएँ) घी सेवा की तैयारी करें।

## डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन-2025 के लिए 2 विशेष उपनगरीय सेवाएं

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल ने 22/23 नवंबर 2025 की मध्यरात्रि को आयोजित होने वाले डब्ल्यूएनसी नेवी हाफ मैराथन-2025 के प्रतिभागियों की सुविधा के लिए दो विशेष उपनगरीय सेवाएं चलाने की घोषणा की है। जारी विवरण के अनुसार मेन लाइन पर कल्याण-सीएसएमटी विशेष ट्रेन कल्याण से रात 02:30 बजे प्रस्थान कर 04:00 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। वहीं हार्बर लाइन पर पनवेल-सीएसएमटी विशेष पनवेल से 02:40 बजे रवाना होकर 04:00 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। दोनों सेवाएं मैराथन प्रतिभागियों की सहूलियत को ध्यान में रखकर संचालित की जा रही हैं।

# बीएसयूपी फ्लैट धारकों के लिए मात्र 100 रु में रजिस्ट्री



डीबीडी संवाददाता | ठाणे

राज्य सरकार ने जेएनएनयूआरएम और बीएसयूपी योजनाओं के तहत आवंटित फ्लैटों की रजिस्ट्री मात्र 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर करने की अनुमति दी है। इसके साथ ही स्टाम्प शुल्क में 1% की छूट भी प्रदान की गई है। इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए संबंधित अध्यादेश भी जारी कर दिया गया है। ठाणे के विधायक संजय केलकर ने इस मुद्दे पर लगातार फॉलो-अप किया और सरकार को राहत देने के लिए प्रेरित किया।

### 6,343 प्रभावित परिवारों को मिलेगा सीधा लाभ

ठाणे संभाग में जेएनएनयूआरएम और बीएसयूपी के अंतर्गत बने भवनों में कुल 6,343 परियोजना प्रभावित परिवार निवास कर रहे हैं। इनमें से अधिकांश आर्थिक रूप से कमजोर, मज़दूर और निम्न आय वर्ग के लोग हैं, जो पहले 50,000 से 1.34 लाख रुपये तक की रजिस्ट्री फीस और स्टाम्प शुल्क वहन नहीं कर पा रहे थे। इसी कारण कई वर्षों से उनके फ्लैटों की रजिस्ट्री अधूरी पड़ी थी। निवासियों ने इस समस्या को लेकर विधायक संजय केलकर से मुलाकात की थी, जिसके बाद उन्होंने राज्य सरकार और मनपा प्रशासन से लगातार संपर्क बनाए रखते हुए समाधान की मांग की।

### हजारों परिवारों का रास्ता साफ

सरकार द्वारा जारी अध्यादेश के बाद अब इन सभी परिवारों के लिए अपने फ्लैट की रजिस्ट्री कराना आसान हो जाएगा। विधायक संजय केलकर ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार और मनपा प्रशासन को पाँच पत्र भेजे थे और अनवरत प्रयास करते रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस निर्णय से करीब 50,000 निवासियों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे वर्षों से लंबित रजिस्ट्री प्रक्रिया अब सुगम हो सकेगी।

# एल.आर. तिवारी लॉ कॉलेज में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस

### पुरुषों से जुड़े सामाजिक पूर्वाग्रह, मानसिक स्वास्थ्य और जिम्मेदारियों जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

डीबीडी संवाददाता | भाईंदर

मीरा रोड स्थित राहुल एजुकेशन द्वारा संचालित श्री एल.आर. तिवारी लॉ कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में पुरुषों से जुड़े सामाजिक पूर्वाग्रह, मानसिक स्वास्थ्य और जिम्मेदारियों जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हुई। अनुसंधान एवं विकास समिति और डीएलएलई विभाग की ओर से आयोजित इस पहल को छात्रों और शिक्षकों का व्यापक समर्थन मिला।

### लैंगिक समानता के महत्व पर विचार साझा

पैनल चर्चा के दौरान वक्ताओं ने पुरुषों की सामाजिक भूमिका, चुनौतियों और लैंगिक समानता के महत्व पर विचार साझा किए। संस्था की प्रधानाचार्य श्वेता चतुर्वेदी ने काशीगांव पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राहुल पाटिल को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. अमिता आनंद दुबे, सुश्री मनीषा पाठक, डॉ. कीर्ति दुबे, डॉ. संजय मिश्रा, डॉ. मयूर दुबे, डॉ. आशीष दप्तरदार, एडवोकेट महेश काबरा, पूजा शिवहरे और प्रवीण पांडे की उपस्थिति रही।




### 'सभी पुरुषों को यह दिवस समर्पित'

सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राहुल कुमार पाटिल ने कहा कि समानता, न्याय और मानवाधिकारों की दिशा में कार्य करने वाले सभी पुरुषों को यह दिवस समर्पित है। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता के निर्माण और विकास में महिला और पुरुष दोनों का बराबर योगदान रहा है, और संतुलित समाज के लिए दोनों के अधिकारों और भूमिकाओं का सम्मान करना आवश्यक है। इसी संवेदनशीलता और सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विश्व स्तर पर पुरुष और महिला दिवस मनाने की परंपरा विकसित हुई है।

# सरकारी ज़मीन पर सेल्फ-रीडेवलपमेंट को गति देने की तैयारी



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

रेवेन्यू मिनिस्टर चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सरकार का उद्देश्य सरकारी ज़मीन पर हाउसिंग सोसाइटियों के सेल्फ-रीडेवलपमेंट को तेज़ और सरल बनाना है। बांद्रा स्थित मुंबई सबअर्बन कलेक्ट्रेट में आयोजित मीटिंग में उन्होंने स्पष्ट किया कि सेल्फ-रीडेवलपमेंट में आने वाली सभी रुकावटें दूर की जाएंगी। इस बैठक में कल्चरल अफेयर्स मिनिस्टर आशीष शेलार, यूनियन मिनिस्टर रामदास अठावले, सेल्फ-रीडेवलपमेंट अथॉरिटी के चेयरमैन और MLA प्रवीण दारकेकर, स्टेट मिनिस्टर डॉ. पंकज भोयर, विभिन्न MP-MLA और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### आने वाली रुकावटों को दूर करेंगे : बावनकुले

बैठक में सुझाव दिया गया कि सरकारी व अन्य सरकारी एजेंसियों की ज़मीन पर सेल्फ-रीडेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए नियमों में छूट दी जाए और रेवेन्यू व अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के प्रावधानों को सरल बनाया जाए।

### परमिशन प्रक्रिया सरल करने और नोडल एजेंसी बनाने का प्रस्ताव

मीटिंग में यह भी सहमति बनी कि सेल्फ-रीडेवलपमेंट से जुड़ी सभी परमिशन को एक आसान और तेज़ प्रक्रिया के तहत उपलब्ध कराया जाए, ताकि परियोजनाएं समय पर शुरू और पूरी हो सकें। साथ ही, एक नोडल एजेंसी नियुक्त करने पर भी चर्चा हुई, जो सरकारी ज़मीन के सेल्फ-रीडेवलपमेंट को समन्वित रूप से आगे बढ़ाए और सुनिश्चित करे कि कोई व्यक्ति या संस्था इस स्कीम का अनुचित लाभ न उठा सके। बैठक के निष्कर्ष के आधार पर रेवेन्यू मिनिस्टर बावनकुले ने विभाग को निर्देश दिया कि एक विस्तृत प्रपोज़ल तैयार करके कैबिनेट को मंज़ूरी के लिए भेजा जाए।




## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें। चोट लग सकती है।

**वृष** मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मिथुन** अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है।

**कर्क** यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी। नए मित्र बनेंगे।

**सिंह** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी।

**कन्या** सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**तुला** बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है। दूसरों की बातों में न आएं।

**वृश्चिक** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा।

**धनु** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।


**मकर** घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें। आय बनी रहेगी।

**मीन** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। जल्दबाजी से हानि होगी। आलस्य हावी रहेगा।

# कुंडली अनुसार कौन-सा दुकान व्यवसाय करें?

दुकानी व्यवसाय करना है तो आज इसी बारे में बात करते है दुकान खोलनी है तो किस व्यवसाय काम की दुकान चलेंगी और कितनी सफ़लता दुकान व्यवसाय में मिल पाएगी और कितने बड़े स्तर पर दुकान खुलकर चल सकती है आदि। दुकानदारी मतलब डेली इनकम जिसका सम्बन्ध कुंडली के 7वे भाव से है 7वा भाव दुकानदारी व्यवसाय का है तो बुध दुकानदारी व्यवसाय ग्रह है तो ग्यारहवा भाव दुकान से होने वाले लाभ का है तो दूसरा भाव दुकान से होने वाले धन वृद्धि का है धन का है।अब जब जन्मकुंडली






प्रियंका जैन
9769994439

में या नवमांश कुंडली मे या फिर दशमांश कुंडली मे तीनो कुंडलियो में या इन तीनो कुंडलियो में से किसी एक कुंडली मे भी7वे भाव या 7वे भाव स्वामी बलवान होकर 11वे भाव स्वामी या 7वे भाव से या दूसरे भाव या दूसरे भाव स्वामी से अच्छी स्थिति में सम्बन्ध बनाकर बैठा है और दुकान व्यवसाय ग्रह बुध बलवान है तब दुकान व्यवसाय अच्छा चलेगा।अब किस तरह के काम की दुकान करे यह महत्वपूर्ण है तो 7वे भाव का सम्बन्ध या 7वे भाव स्वामी का सम्बन्ध जिस भी ग्रहो और भाव स्वामियों से होगा उन्ही ग्रहो और भावो के अधिकार में को दुकानदारी व्यवसाय आ रहा है उन्हें करने पर दुकान व्यवसाय अच्छा चलेगा।

**उदाहरण_वृष_लग्न_अनुसार1:-**

वृष लग्न में 7वे भाव स्वामी मंगल बलवान होकर यहाँ दूसरे या ग्यारहवे भाव स्वामी बुध या गुरु से सम्बन्ध बनाकर बैठे है या 11वे भाव से सम्बन्ध किये है और बुध बलवान है तब दुकानदारी व्यवसाय चलेगा लेकिन अब 7वे भाव स्वामी मंगल यहाँ बलवान लग्नेश शुक्र के साथ सम्बन्ध में है तब कपड़े, जैवेलरी दुकान करने में सफलता मिलेंगी।

**उदाहरण_कुम्भ_लग्न_अनुसार2:-**

कुम्भ लग्न में 7वे भाव स्वामी सूर्य बलवान होकर यहाँ बलवान बुध या गुरु सहित दूसरे या ग्यारहवे भाव से सम्बन्ध कर रहे है तब दुकानी व्यवसाय चलेगा, अब व्यवसाय 7वे भाव स्वामी सूर्य यहाँ दूसरे भाव से सम्बन्ध किया है तब खान-पीने की दुकान, रेस्टोरेंट ,होटल व्यवसाय आदि ही चलेगा।

**उदाहरण_तुला_लग्न_अनुसार3:-**

तुला लग्न में यहाँ 7वे भाव स्वामी मंगल है अब मंगल बलवान होकर यहाँ 11वे भाव या 11वे भाव स्वामी बलवान सूर्य से सम्बन्ध करे+दूसरा भाव(धन भाव)+ग्यारहवा भाव(लाभ भाव)बलवान है तब दुकानदारी व्यवसाय चलेगा, 7वे भाव या 7वे भाव स्वामी मंगल यहाँ 5वे भाव से सम्बन्ध किये है तब स्टेशनरी की शॉप, टीवी या मनोरंजन बिक्री की चीजो की दुकान करने पर दुकान व्यवसाय लाभ देगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### यूपी में डिजिटल पुलिसिंग को नई गति, सभी थानों में स्मार्ट सिस्टम लागू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए पूरे राज्य के थानों में डिजिटल पुलिसिंग सिस्टम लागू करने की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, अगले तीन महीनों में सभी थानों में फेस रिकग्निशन सिस्टम, ई-एफआईआर, ऑनलाइन केस ट्रैकिंग और डिजिटल सबूतों के संग्रहण की सुविधाएँ पूरी तरह सक्रिय हो जाएँगी। नागरिकों को अब FIR दर्ज कराने, शिकायत की स्थिति देखने और थाने के कामकाज से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पुलिस विभाग का दावा है कि इस कदम से अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी और शिकायतों का निपटारा भी पहले से काफी तेज हो जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि डिजिटलाइजेशन से पारदर्शिता बढ़ेगी, भ्रष्टाचार कम होगा और आम लोगों का पुलिस प्रशासन पर भरोसा मजबूत होगा।

### बिहार में स्किल डेवलपमेंट मिशन तेज

**पटना।** बिहार सरकार राज्य के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए स्किल डेवलपमेंट मिशन को बड़े पैमाने पर विस्तार दे रही है। श्रम विभाग के मुताबिक, नए वित्त वर्ष में 5 लाख से अधिक युवा विभिन्न ट्रेडों—जैसे कंप्यूटर ट्रेनिंग, इलेक्ट्रिशियन, टेलरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग और डिजिटल मार्केटिंग—में प्रशिक्षित किए जाएंगे। सरकार का कहना है कि उद्योगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कोर्स को अपडेट किया गया है, ताकि प्रशिक्षण के तुरंत बाद युवाओं को नौकरी या स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। कई निजी कंपनियों ने भी प्रशिक्षण केंद्रों को सहयोग देने में रुचि दिखाई है। अधिकारियों का मानना है कि स्किल डेवलपमेंट के इस मॉडल से बिहार में बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय गिरावट आ सकती है और उद्यमिता को भी नई दिशा मिलेगी।

### पर्यटन सीजन से पहले घाटों का सौंदर्यीकरण, शहर में बढ़ी गतिविधि

**वाराणसी।** नगर निगम और पर्यटन विभाग आने वाले प्रमुख पर्यटन सीजन को देखते हुए घाटों के व्यापक सौंदर्यीकरण, सफाई और रोशनी की व्यवस्था पर तेजी से काम कर रहे हैं। गंगा तटीय इलाकों में LED लाइटिंग, बैठने की आधुनिक व्यवस्था, थीम लाइट शो और सीसीटीवी कैमरों की स्थापना के साथ कई घाटों पर रंग-रोगन और स्ट्रक्चरल रिपेयर भी चल रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस बार न सिर्फ देव दीपावली और कार्तिक पूर्णिमा जैसे पर्वों पर भारी भीड़ की उम्मीद है, बल्कि सर्दियों में विदेशी पर्यटकों की संख्या भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकती है। यही वजह है कि सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाने, जल पुलिस को मजबूत करने और आपातकालीन रिस्पॉन्स टीम तैयार रखने की योजना बनाई गई है। शहर में होटलों, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट और नाव संचालकों ने भी अपने-अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। कई होटल नए पैकेज लॉन्च कर रहे हैं, जबकि नाव संचालक पर्यटकों को सुरक्षित और व्यवस्थित सेवा देने के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि पर्यटन सीजन की बेहतर तैयारी से कारोबार में 30–40% तक वृद्धि हो सकती है। इसके अलावा, शिल्पकारों, बुनकरों, खाद्य विक्रेताओं और टैक्सी सेवाओं को भी इसका सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। पर्यटन विभाग का दावा है कि घाटों के आधुनिकीकरण से शहर की पहचान और भी आकर्षक होगी, जिससे वाराणसी वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और मजबूत तरीके से उभर सकेगा।

# गैंगरेप: दो इंस्पेक्टर और दो दारोगा सस्पेंड

एजेंसी | बुलंदशहर

बुलंदशहर में विवाहिता से गैंगरेप, बंधक बनाकर रखने और आर्थिक शोषण के मामले की जांच में गंभीर लापरवाही सामने आने पर चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने निरीक्षक दिग्विजय राठी, पूर्व कोतवाल पंकज राय, दारोगा इकराम अली और शुभम राठी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब पीड़िता छह दिन पहले क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे डीआईजी कलानिधि नैथानी के वाहन के सामने अचानक गिर पड़ी और रोते हुए पूरी दास्तान उन्हें सुनाई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जांच अधिकारी ने घूस मांगने के साथ-साथ उसके साथ दुष्कर्म भी किया। साथ ही उसने कहा कि गैंगरेप के मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस जानबूझकर कार्रवाई नहीं कर रही। पुलिस द्वारा उसे डीआईजी तक पहुंचने से रोकने की कोशिश भी की गई, लेकिन वह सुरक्षा घेरा तोड़कर अपनी बात रखने में सफल रही।



#### पुलिसिया कार्यशैली पर सवाल

मामला सामने आते ही बुलंदशहर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे और प्रदेश स्तर पर भी इस घटना की चर्चा होने लगी। डीआईजी ने मौके पर ही संबंधित अफसरों को कड़ी फटकार लगाई और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएसपी द्वारा कराई गई आंतरिक जांच में पीड़िता के कई आरोप सही पाए गए, जिसके बाद चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

#### घटना का विवरण

यूपी पुलिस को मिश्रा के घर से 2 करोड़ रुपये नकद, 3 किलो ड्रग्स (कोकीन और मेफेड्रोन), 6.076 किलोग्राम गांजा और 577 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है. इसके अलावा, 4 लग्जरी गाड़ियां, 6 अवैध हथियार भी मिले हैं. पुलिस ने कुछ दस्तावेज और लैपटॉप जब्त किए गए हैं, जिनसे हवाला ट्रांजैक्शन के सुराग मिले हैं।

## बलिया में पुलिस–शराब तस्कर गठजोड़ का खुलासा, चैट और वीडियो वायरल

एजेंसी | बलिया

बलिया जिले में कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है, जब रेवती क्षेत्र की गोपाल नगर पुलिस चौकी के दरोगा और सिपाहियों की शराब तस्करों से मिलीभगत का मामला सामने आया। तस्करों के साथ उनकी कथित व्हाट्सएप चैट और वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी ओमवीर सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरी पुलिस चौकी के स्टाफ को निलंबित कर दिया। गोपाल नगर क्षेत्र बिहार से लगी सीमा के नजदीक होने के कारण शराब तस्करी का संवेदनशील रास्ता माना जाता है। हाल ही में वायरल हुए चैट स्क्रीनशॉट में कथित रूप से चौकी इंचार्ज शुभेन्द्र सिंह और तस्करों के बीच लेनदेन व संरक्षण से जुड़ी बातचीत सामने आई। मामले ने तेजी से तूल पकड़ा और उच्चाधिकारियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया।




#### सीओ को सौंपी गई जांच

एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि वायरल सामग्री की सूचना मिलते ही बैरिया के क्षेत्राधिकारी को जांच सौंपी गई। प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में चौकी इंचार्ज सहित कई पुलिसकर्मियों की संलिप्तता की पुष्टि हुई, जिसके बाद सभी को निलंबित कर दिया गया।

#### थानाध्यक्ष की मिलीभगत

इधर, रेवती थानाध्यक्ष की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। प्रारंभिक जाँच में कई ऐसे बिंदु सामने आए हैं, जिनसे थानाध्यक्ष की कार्यप्रणाली और पूरे मामले में उनकी सक्रियता पर संदेह गहराता जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए एसपी ने एएसपी (दक्षिणी) कृपाशंकर को पूरे प्रकरण में थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी, उनकी जानकारी के स्तर और संभावित मिलीभगत से जुड़ी सभी परिस्थितियों की गहराई से जांच करने का आदेश दिया है।

## पुल की रेलिंग तोड़ गंगा में गिरा गन्ना लदा ट्रक

एजेंसी | फर्रुखाबाद

फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया, जब गन्ना लदा ट्रक रामगंगा पुल की रेलिंग तोड़ते हुए गंगा नदी में गिर गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए, हालांकि देर रात तक ट्रक को नदी से बाहर नहीं निकाला जा सका। थानाध्यक्ष स्वदेश कुमार के अनुसार ट्रक गुलरिया बदायूं से रूपापुर चीनी मिल की ओर जा रहा था। पुल पार करते समय अचानक वाहन की स्टेयरिंग लॉक हो गई, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर बैरिकेड और रेलिंग तोड़ता हुआ करीब 25 फीट नीचे नदी में जा गिरा। हादसे के दौरान चालक राजपाल, निवासी रुस्तमपुर (मुरादाबाद), चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। राहगीरों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। पहले अल्लाहगंज (शाहजहांपुर) पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद राजेपुर थाना पुलिस ने भी इलाके को घेरकर राहत कार्य शुरू किया। गोताखोरों को रात में ही लगाया गया, लेकिन गहरे पानी और तेज धारा के कारण ट्रक का पता नहीं चल पाया।

## जदयू ने नीतीश और भाजपा ने सम्राट को सौंपा नेतृत्व

एजेंसी | पटना

बिहार की नई राजनीतिक व्यवस्था आकार लेने लगी है। विधानसभा चुनाव के बाद सत्ता संरचना तय करने की कवायद तेज हो गई है। इसी क्रम में जदयू और भाजपा दोनों दलों ने अपने-अपने विधायक दल के नेता चुन लिए हैं। जदयू ने एक बार फिर नीतीश कुमार को अपना नेता घोषित किया है, वहीं भाजपा ने सम्राट चौधरी पर भरोसा जताया है। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित जदयू विधायक दल की बैठक में सभी नव-निर्वाचित विधायक शामिल हुए और सर्वसम्मति से नीतीश कुमार को नेतृत्व सौंपा। बैठक के बाद पार्टी नेताओं ने स्पष्ट किया कि राज्य हित में अनुभवी नेतृत्व की आवश्यकता है और नीतीश कुमार की कार्यशैली बिहार को स्थिरता और विकास, दोनों प्रदान कर सकती है। पार्टी सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में नई प्राथमिकताओं और योजनाओं को लेकर विस्तृत रोडमैप सामने आएगा। उधर, भाजपा ने प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार



में अपने विधायक दल की बैठक बुलाकर सम्राट चौधरी को नेता चुना। सुबह 11:30 बजे शुरू हुई इस बैठक में पार्टी के सभी 89 विधायक उपस्थित रहे। सभागार में कड़ी सुरक्षा, पारंपरिक स्वागत और विधायकों के पंजीकरण जैसी व्यवस्थाएँ तय प्रक्रिया के तहत की गईं।बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और प्रभारी विनोद तावड़े ने की। केंद्रीय नेतृत्व की मौजूदगी से साफ संकेत मिला कि भाजपा नई सरकार में अपनी भूमिका और मंत्रालयों के विभाजन को लेकर पूरी सतर्कता से आगे बढ़ रही है। राजनीतिक हलचल दिन भर जारी रही और माना जा रहा है कि देर शाम केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की भाजपा नेताओं के साथ होने वाली बैठक में मंत्रिमंडल गठन के प्रारंभिक खाके पर विचार-विमर्श होगा।

## मिश्रिख वन रेंज में घूम रहा तेंदुआ पिंजरे में कैद

एजेंसी | सीतापुर

करीब तीन सप्ताह से सीतापुर के मिश्रिख क्षेत्र के ग्रामीणों में भय का कारण बना तेंदुआ आखिर मंगलवार देर रात पकड़ा गया। रामपुर खेवटा के जंगल में लगाए गए पिंजरे में तेंदुआ तड़के दो से तीन बजे के बीच फंस गया। सुबह ग्रामीणों ने उसे पिंजरे में बंद देखा तो सूचना तुरंत वन विभाग को दी, जिसके बाद क्षेत्र में राहत का माहौल बन गया। दहशत की शुरुआत 29 अक्टूबर को हुई थी, जब दतवल गांव में छतों पर तेंदुए को देखा गया। इसके बाद गुजरेहटा, अशरफनगर सेढोली, रघुनाथपुर, रामपुर खेवटा और आसपास के लगभग 30 गांवों में उसकी मौजूदगी लगातार दर्ज की जाती रही। खेतों में पैरों के निशान और कई बार ग्रामीणों से सीधे सामना होने से लोगों ने शाम ढलते ही घरों से निकलना बंद कर दिया था। बढ़ती घटनाओं को देखते हुए



वन विभाग ने 6 नवंबर को रामपुर खेवटा के पास एक बड़ा पिंजरा लगाया था। पिंजरे में बंधी बकरी को शिकार बनाने आए तेंदुए के प्रवेश करते ही ट्रैप लॉक हो गया और वह भीतर कैद हो गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तेंदुए को सुरक्षित अपने कब्जे में लिया। वन प्रभारी अनिल यादव के अनुसार, आवश्यक औपचारिकताओं के बाद तेंदुए को दुधवा नेशनल पार्क या किसी चिड़ियाघर में स्थानांतरित किया जाएगा। लगातार 22 दिनों की दहशत के बाद तेंदुए की गिरफ्तारी से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और क्षेत्र में सामान्य जीवन फिर से लौटने लगा है।

## शटरिंग खोलते समय गिरी छत, आठ मजदूर दबे



एजेंसी | नोएडा

थाना रबूपुरा क्षेत्र में निर्माणाधीन एक तीन मंजिले भवन की शटरिंग खोलते समय छत भरभराकर गिर गई। मलबे में आठ मजदूर दब गए। कुछ को जेसीबी और एसडीआरएफ की सहायता से बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। खबर लिखे जाने तक चार मजदूरों के अंदर फंसे होने की सूचना है। पुलिस आयुक्त श्रीमती लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी ने बताया कि थाना रबूपुरा क्षेत्र के गांव नगला हुकुम में रहने वाले महाबीर नामक व्यक्ति के मकान का निर्माण हो रहा है। आज दोपहर को लेटर की शटरिंग खोली जा रही थी, तभी शटरिंग खोलते समय छत भरभराकर गिर गई।

#### चार को ही पहुंचाया गया अस्पताल

इस घटना में आठ मजदूर मलवे के नीचे दब गए। चार मजदूरों को बाहर निकाला गया है। मजदूरों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उनके अनुसार करीब चार मजदूर अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं। उन्हें निकालने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं मौके पर मौजूद लोगों का मानना है कि मलवे में दबने से कुछ मजदूरों की मौत हो गई है। पुलिस अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

## जौनपुर: बस से टकराकर खाक हो गई बुलेट, युवक गंभीर

एजेंसी | जौनपुर

सुल्तानपुर हाइवे पर बुधवार दोपहर एक गंभीर सड़क दुर्घटना में एक रोडवेज बस और बुलेट बाइक की टक्कर हो गई। हादसा बक्शा थाना क्षेत्र के कुलहनामऊ स्थित नेशनल हाइवे-736 पर हुआ, जहां टक्कर के बाद बाइक में जोरदार धमाका हुआ और वह देखते ही देखते पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। दुर्घटना में 20 वर्षीय हिमांशु, निवासी उपाध्यायपुर (थाना सरपतहा), गंभीर रूप से झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोडवेज बस बाइक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रही थी, तभी बस का पिछला हिस्सा बाइक से टकरा गया। टक्कर के बाद बुलेट कई मीटर तक घिसटती चली गई और उसकी पेट्रोल टंकी फटने से आग भड़क उठी। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष लक्ष्मण विक्रम सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस बस चालक की तलाश में जुटी है और दुर्घटना के सटीक कारणों की जांच की जा रही है।




## 21 नवंबर से खुलेगा सुदीप फार्मा का IPO

एजेंसी | नई दिल्ली

फार्मा सेक्टर की प्रमुख कंपनी सुदीप फार्मा लिमिटेड अपना पहला आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO) 21 नवंबर को लॉन्च करने जा रही है। यह इश्यू 25 नवंबर तक निवेशकों के लिए खुला रहेगा। कंपनी ने प्रति शेयर 563 से 593 रुपये का प्राइस बैंड निर्धारित किया है। आईपीओ के तहत कंपनी कुल 895 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। इस पेशकश में 95 करोड़ रुपये का नया निर्गम शामिल है, जबकि प्रमोटर और प्रमोटर समूह की ओर से 800 करोड़ रुपये तक की ऑफर-फॉर-सेल के तहत 1.34 करोड़ से अधिक शेयरों की बिक्री की जाएगी। निवेशक इस इश्यू में कम से कम 25 इक्विटी शेयरों की बोली लगा सकेंगे और इसके बाद 25 के गुणकों में आवेदन कर पाएंगे। कंपनी नए निर्गम से प्राप्त राशि में से 75.8 करोड़ रुपये गुजरात के नंदेसरी स्थित प्लांट की उत्पादन लाइन के लिए मशीनरी खरीदने और अन्य पूंजीगत जरूरतों पर खर्च करेगी। शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट आवश्यकताओं और संचालन विस्तार पर लगाई जाएगी।




#### 100 से अधिक देशों में कारोबार

सुदीप फार्मा लिमिटेड एक टेक्नोलॉजी–ड्रिवन मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है, जो प्रमुख रूप से एक्सीपियंट्स और स्पेशलिटी इंग्रेडिएंट्स तैयार करती है। इसके उत्पाद दवा उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण और पोषण संबंधी उत्पादों में व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं। कंपनी एनकैप्सूलेशन, स्प्रे ड्राइंग, ग्रेन्यूलेशन, ब्लेंडिंग और लिपोसोमल प्रिपरेशन जैसी उन्नत तकनीकों पर इन–हाउस काम करती है। कंपनी का वैश्विक नेटवर्क 100 से अधिक देशों तक फैला है और इसकी मजबूत मौजूदगी अमेरिका, यूरोप, दक्षिण अमेरिका, मध्य पूर्व, अफ्रीका और एशिया–प्रशांत के प्रमुख बाजारों में है।

## पीयूष गोयल इजराइल दौरे पर जाएंगे, साथ रहेगा व्यापारिक दल

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 20 से 22 नवंबर तक इजराइल के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। यह यात्रा उन्हें इजराइल के अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निमंत्रण पर करनी है। तीन दिवसीय दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच प्रस्तावित भारत–इजराइल मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की प्रगति का आकलन होने की संभावना जताई जा रही है। इस यात्रा में सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और स्टार्ट-अप इंडिया के प्रतिनिधियों सहित एक बड़ा व्यापारिक दल भी उनके साथ रहेगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि गोयल इस यात्रा में इजराइल की शीर्ष राजनीतिक और आर्थिक नेतृत्व से उच्च स्तरीय मुलाकातें करेंगे। वे अपने इजराइली समकक्ष नीर बरकत के अलावा कई अन्य वरिष्ठ मंत्रियों व अधिकारियों से भी संवाद करेंगे। बातचीत का केंद्र द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना, साथ ही कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा सहयोग, उभरती तकनीक, बायोसाइंस, बुनियादी ढांचा और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करना रहेगा।



#### 60 सदस्यीय होगा व्यापारिक दल

इस दौरे में गोयल 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। तेल अवीव में वे उद्योग जगत के नेताओं और निवेशकों से मुलाकात कर नवाचार, निवेश और व्यापार वृद्धि के संभावित मार्गों पर चर्चा करेंगे। यात्रा के दौरान प्रस्तावित भारत–इजराइल एफटीए पर भी विस्तृत समीक्षा की जा सकती है। गोयल भारत–इजराइल व्यापार मंच में भी शामिल होंगे।

## शेयर बाजार की मजबूत शुरुआत

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार ने शुरुआती झटकों के बावजूद तेजी पकड़ ली। सपाट स्तर से खुले बाजार में आरंभिक मिनटों में बिकवाली हावी रही, जिससे सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लाल निशान में फिसल गए। हालांकि जल्द ही खरीदारों की वापसी हुई और सूचकांकों ने रफ्तार पकड़ते हुए मजबूती बना ली। पहले एक घंटे के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.21% की बढ़त और निफ्टी 0.16% की तेजी के साथ ट्रेड करता दिखाई दिया।

#### टॉप गेनर्स और लूजर्स



शुरुआती एक घंटे में प्रमुख कंपनियों में मैक्स हेल्थकेयर, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टेक महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में 0.63% से 2.08% तक बढ़त दर्ज की गई। वहीं, टाटा मोटर्स पीवी, कोल इंडिया, एचडीएफसी बैंक, जियो फाइनेंशियल और अपोलो हॉस्पिटल के शेयर 0.53% से 1.17% तक गिरावट में रहे। कुल 2,215 शेयरों में कारोबार हो रहा था, जिनमें 950 शेयर बढ़त में और 1,265 गिरावट में थे।

#### निफ्टी की स्थिति

एनएसई निफ्टी ने 25,918.10 पर हल्की बढ़त के साथ व्यापार शुरू किया। शुरुआत में दबाव के चलते यह गिरकर 25,856.20 तक आया। इसके बाद लिवाली ने रफ्तार दी और सुबह 10:15 बजे, निफ्टी 42 अंकों की बढ़त के साथ 25,952.05 पर ट्रेड कर रहा था। मंगलवार को सेंसेक्स 277.93 अंक (0.33%) टूटकर 84,673.02 पर बंद हुआ था। निफ्टी 103.40 अंक (0.40%) गिरकर 25,910.05 के स्तर पर बंद हुआ था।

## सिल्वर मार्केट में नरमी जारी, 5000 रुपये गिरा भाव

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। लगातार तीसरे दिन जौहरियों ने इस बहुमूल्य धातु के भाव में तेज गिरावट दर्ज की। विभिन्न बाजारों में चांदी आज 3,000 से 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हुई, जिसके बाद इसके दाम 1,68,700 से 1,69,900 रुपये प्रति किलोग्राम के दायरे में आ गए हैं। राजधानी दिल्ली में चांदी आज गिरकर 1,61,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।



#### सोच-समझकर निवेश का लें निर्णय

बाज़ार विशेषज्ञ मयंक मोहन के अनुसार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंडस्ट्रियल डिमांड कमजोर होने से चांदी के भाव दबाव में हैं। उनका कहना है कि दिसंबर के अंत तक औद्योगिक गतिविधियों में सुधार के संकेत मिल रहे हैं, जिससे कीमतों में दोबारा तेजी देखने को मिल सकती है।

## भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री नई ऊँचाई पर

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) का बाजार तेज़ी से रिकॉर्ड तोड़ रहा है। ताज़ा उद्योग आंकड़ों के अनुसार, इस साल EV बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है। खासतौर पर इलेक्ट्रिक दोपहिया और तीनपहिया वाहनों की मांग में भारी उछाल आया है, जो शहरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी लोकप्रिय हो रहे हैं। इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री



भी स्थिर गति से बढ़ रही है, और कई कंपनियां इस सेगमेंट में नए मॉडल लॉन्च कर रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार की FAME-II योजना, राज्यों द्वारा दी जा रही सब्सिडी, और पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतें EV खरीदारों को आकर्षित कर रही हैं। इसके साथ ही, देशभर में तेजी से चार्जिंग स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं, जिससे इलेक्ट्रिक वाहन रखने की सुविधा पहले की तुलना में काफी बेहतर हुई है। अब कई हाईवे, मॉल, पेट्रोल पंप और बड़े शहरों में आसानी से चार्जिंग पॉइंट उपलब्ध हैं। ऑटोमोबाइल उद्योग का मानना है कि आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहन भारत के ऑटो सेक्टर का नेतृत्व करेंगे।

## एक्सेलसॉफ्ट का 500 करोड़ का IPO ओपन

एजेंसी | नई दिल्ली

एडटेक क्षेत्र की कंपनी एक्सेलसॉफ्ट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने मंगलवार को अपना 500 करोड़ रुपये का इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) सार्वजनिक कर दिया। इच्छुक निवेशक इस इश्यू में 21 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। सब्सक्रिप्शन समाप्त होने के बाद 24 नवंबर को शेयर आवंटन की प्रक्रिया पूरी होगी और 25 नवंबर तक निवेशकों के डीमैट खातों में शेयर क्रेडिट हो जाएंगे। कंपनी के शेयर 26 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध हो सकते हैं। आईपीओ के लिए कंपनी ने प्रति शेयर 114 से 120 रुपये का प्राइस बैंड निर्धारित किया है। न्यूनतम बोली 125 शेयरों (एक लॉट) की होगी, जिसके लिए 14,874 रुपये का निवेश जरूरी है। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट तक आवेदन कर सकते हैं, जिसकी कुल कीमत लगभग 1,95,000 रुपये बैठेगी। आईपीओ में कुल 4,16,66,666 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनमें से 1.50 करोड़ नए शेयरों के जरिए 180 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे, जबकि 2.66 करोड़ शेयर ऑफर-फॉर-सेल के तहत बिक्री के लिए रखे गए हैं।



#### घाटे से उबरकर फायदे में पहुंची कंपनी

कंपनी के वित्तीय रिकॉर्ड से पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में इसकी परफॉर्मेंस में उतार–चढ़ाव देखने को मिला है। सेबी को जमा डीआरएचपी के अनुसार, वित्त वर्ष 2022–23 में कंपनी को 22.41 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था, जो अगले वर्ष कम होकर 12.75 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2024–25 में कंपनी ने मजबूत वापसी करते हुए 34.69 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

अंडर-19 विश्व कप 2026

# 15 जनवरी से शुरू होगा टूर्नामेंट

## आईसीसी ने कार्यक्रम की घोषणा की

एजेंसी । दुबई

पुरुषों का अंडर-19 विश्व कप का अगला संस्करण 15 जनवरी, 2026 से शुरू होगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने विश्व कप के 16वें संस्करण के लिए शेड्यूल की घोषणा की है। ICC के कार्यक्रम के अनुसार, 6 फरवरी को इसका फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। बता दें कि जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होने वाले अगले संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लेंगी।



### ग्रुप-A में मौजूद है भारतीय टीम

अंडर-19 विश्व कप के लिए 16 टीमों को 4-4 टीमों के ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप-A में भारतीय टीम मौजूद है, जिसमें बांग्लादेश, अमेरिका और न्यूजीलैंड अन्य टीमें हैं। इसी तरफ ग्रुप-B में जिम्बाब्वे, पाकिस्तान, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। ग्रुप-C में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जापान और श्रीलंका है। वहीं ग्रुप-D में तंजानिया, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका टीमों को शामिल किया गया है।

### भारत की पहली भिड़ंत अमेरिका से

15 जनवरी को भारतीय टीम अपना पहला मैच अमेरिका के खिलाफ बुलावायो में खेलेगी। इसी दिन जिम्बाब्वे-स्कॉटलैंड मुकाबला हरारे और तंजानिया-वेस्टइंडीज मैच विंडहुक में होगा। 16 जनवरी को हरारे में पाकिस्तान-इंग्लैंड भिड़ेंगे, जबकि विंडहुक में ऑस्ट्रेलिया-आयरलैंड और अफगानिस्तान-दक्षिण अफ्रीका के मुकाबले खेले जाएंगे।

### 3 फरवरी को खेला जाएगा पहला सेमीफाइनल

टूर्नामेंट के पहले दौर में प्रत्येक टीम अपने ग्रुप की 3 अन्य टीमों से खेलेगी, और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष 3 टीमें सुपर-6 में पहुंचेगी। सुपर-6 भी 2 ग्रुप में खेला जाएगा और प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष 2 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 3 फरवरी को बुलावायो में और दूसरा सेमीफाइनल 4 फरवरी को हरारे में खेला जाएगा। फाइनल मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होगा।

### ऐसा है सुपर-6 का निर्धारित कार्यक्रम

सुपर-6 चरण का कार्यक्रम इस प्रकार तय किया गया है, जिसमें 25 जनवरी को A1 बनाम D3 और D2 बनाम A3 के मैच होंगे। 26 जनवरी को B4 बनाम C4, C1 बनाम B2 और D1 बनाम A2 की भिड़ंत निर्धारित है। 27 जनवरी को C2 बनाम B3 और C3 बनाम B1 मुकाबले खेले जाएंगे। 28 जनवरी को A1 का सामना D2 से होगा, जबकि 29 जनवरी को D3 और A2 आमने-सामने होंगे। 30 जनवरी को D1 बनाम A3 और B3 बनाम C1 के मैच होंगे। 31 जनवरी को सुपर-6 की एक टीम का मुकाबला C3 से होगा, जबकि 1 फरवरी को B1 बनाम C2 के बीच महत्वपूर्ण मुकाबला आयोजित किया जाएगा।

### ऐसा है 19 से 23 जनवरी का कार्यक्रम

19 से 23 जनवरी के कार्यक्रम में कई अहम मुकाबले शामिल हैं। 19 जनवरी को हरारे में पाकिस्तान-स्कॉटलैंड जबकि विंडहुक में श्रीलंका-आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका-तंजानिया के मैच होंगे। 20 जनवरी को बुलावायो में बांग्लादेश-न्यूजीलैंड और विंडहुक में ऑस्ट्रेलिया-जापान की भिड़ंत होगी। 21 जनवरी को इंग्लैंड-स्कॉटलैंड के बीच मुकाबला तय है, वहीं विंडहुक में अफगानिस्तान-तंजानिया खेलेंगे। 22 जनवरी को हरारे में जिम्बाब्वे-पाकिस्तान और विंडहुक में वेस्टइंडीज-दक्षिण अफ्रीका के मैच होंगे, जबकि आयरलैंड-जापान की टक्कर भी इसी दिन होगी। 23 जनवरी को बांग्लादेश-अमेरिका और श्रीलंका-ऑस्ट्रेलिया आमने-सामने होंगे।

# 26 साल बाद स्कॉटलैंड ने रचा इतिहास



## मैकटोमिने का कमाल, विश्व कप का टिकट पक्का

एजेंसी । ग्लास्गो

स्कॉटलैंड की फुटबॉल टीम ने मंगलवार रात ग्लास्गो में खेले गए रोमांचक मुकाबले में डेनमार्क को 4-2 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 के लिए सीधा क्वालिफाई कर लिया। यह उपलब्धि स्कॉटलैंड को लंबे 26 साल बाद हासिल हुई है। मैच के अंतिम पलों में आए दो गोलों ने मुकाबले का रुख पलट दिया और स्टेडियम में उत्सव का माहौल छा गया।

मुकाबले की शुरुआत धमाकेदार रही। तीसरे ही मिनट में स्कॉट मैक्टोमिने ने हवा में उछलकर शानदार ओवरहेड किक के जरिए गोल दागा और स्कॉटलैंड को शुरुआती बढ़त दिला दी। नेपोली मिडफील्डर के इस गोल ने दर्शकों में जबरदस्त जोश भर दिया। पहले हाफ में डेनमार्क ने गेंद पर बेहतर नियंत्रण दिखाया, लेकिन गोल करने में नाकाम रहे।

दूसरे हाफ में 57वें मिनट में रासमुस होइलुंड ने पेनल्टी को गोल में बदलकर मैच को बराबरी पर ला दिया। लेकिन कुछ ही देर बाद रासमुस क्रिस्टेनसन को दूसरा पीला कार्ड मिलने पर मैदान से बाहर जाना पड़ा, जिससे डेनमार्क सिर्फ 10 खिलाड़ियों के साथ रह गया।

स्कॉटलैंड ने इसका फायदा उठाते हुए 78वें मिनट में लॉरेंस शेंकलैंड के कॉर्नर पर किए गए गोल से बढ़त वापस हासिल कर ली, लेकिन जवाब में पैट्रिक डॉर्गु ने स्कोर 2-2 कर मैच को फिर से संतुलित कर दिया।

### इंजरी टाइम ने किया चमत्कार


इंजरी टाइम ने स्कॉटलैंड के लिए चमत्कार कर दिया। 93वें मिनट में कीरन टियरनी ने दूर से लिया गया जोरदार शॉट नेट में पहुंचाया और स्कॉटलैंड 3-2 से आगे हो गया। इसके बाद मैच खत्म होने से पहले केनी मैकलीन ने लगभग आधे मैदान की दूरी से लाई गई गेंद को गोल में भेजते हुए जीत को ऐतिहासिक रूप से स्कॉटलैंड की झोली में डाल दिया। इस जीत के साथ स्कॉटलैंड ग्रुप C में 13 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा और सीधे विश्व कप में जगह बनाई, जबकि डेनमार्क को अब प्लेऑफ के रास्ते से गुजरना होगा। मैनेजर स्टीव क्लार्क ने कहा, "टीम ने दबाव में कमाल का प्रदर्शन किया। आखिरी चरण हमेशा सबसे कठिन होता है, और खिलाड़ियों ने इसे शानदार तरीके से पूरा किया। मैक्टोमिने का गोल मेरे करियर का सबसे बेहतरीन गोल है।"

# ब्राज़ील और ट्यूनीशिया 1-1 से बराबरी पर

## ब्राजील की तैयारियों पर उठ रहे सवाल


**नई दिल्ली।** लिले में खेले गए अंतरराष्ट्रीय फ्रेंडली मैच में ब्राज़ील और ट्यूनीशिया के बीच रोमांचक भिड़ंत 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई। कोच कार्लो एंसेलोटी की अगुवाई में खेल रही ब्राज़ील की टीम यह मुकाबला जीत में बदलने में नाकाम रही, जिससे उसकी 2026 विश्व कप तैयारियों पर सवाल उठे हैं। ब्राज़ील के उभरते 18 वर्षीय स्टार एस्टेवाओ ने पेनल्टी पर गोल दागकर टीम को बराबरी दिलाई, लेकिन इंजरी टाइम में मिली संभावित पेनल्टी को वीएआर ने खारिज कर दिया। इससे पहले मैच के 78वें मिनट में लुकास पाक्वेटा ने मिले अवसर को गंवा दिया और गेंद क्रॉसबार के ऊपर भेज दी, जो मैच का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। मुकाबले की शुरुआत ट्यूनीशिया के बेहतर तालमेल से हुई। पहले हाफ के मध्य में अली अब्दी के शानदार पास पर हज़ेम मास्तौरी ने गोल दागते हुए टीम को बढ़त दिलाई।

### जापान से मिली हार ने बढ़ाया दबाव



हाल के महीनों में ब्राज़ील का प्रदर्शन लगातार अस्थिर रहा है। दक्षिण अमेरिकी क्वालिफायर में पांचवें स्थान पर रहना और पिछले महीने जापान से मिली 3-2 की हार ने टीम की तैयारी पर दबाव बढ़ाया है। एंसेलोटी ने इस मैच में मैथ्यूस कुन्हा, विनीसियस जूनियर, रोड्रिगो और एस्टेवाओ जैसे आक्रामक संयोजन के साथ टीम उतारी थी, लेकिन जीत फिर भी दूर रह गई। सेनेगल ने केन्या को 8-0 से हराते हुए सादियो माने की हैट्रिक के दम पर बड़ी जीत दर्ज की। अफ्रीकी चैंपियन कोट डी'आइवोर ने सऊदी अरब से हार के बाद वापसी करते हुए ओमान को 2-0 से मात दी। अल्जीरिया ने सऊदी अरब को 2-0 से पराजित किया।

# शुभमन गिल का दूसरे टेस्ट में खेलना अब भी संदिग्ध



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल की चोट से जुड़ी ताज़ा जानकारी सामने आई है। मेडिकल स्टाफ की देखरेख में उपचार पाने के बाद गिल की स्थिति में सुधार दर्ज किया गया है और वे सोमवार को टीम इंडिया के साथ गुवाहाटी पहुंचेंगे। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलने को लेकर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन बल्लेबाजी करते समय गिल की गर्दन में अचानक चोट लगी थी। तीन गेंदें खेलने के बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान छोड़ना पड़ा। इसके बाद जांच के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया और तीसरे दिन बीसीसीआई ने पुष्टि की थी कि वे शेष मैच में उपलब्ध नहीं रहेंगे।

# टोक्यो डेफलिम्पिक्स में भारत की दोहरी चमक

- देशवाल-धुमाल ने जीता स्वर्ण
- कुशाग्र राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन वर्ग में जीता कांस्य

टोक्यो। 25वें समर डेफलिम्पिक्स में भारतीय शूटरों का प्रदर्शन बुधवार को भी शानदार रहा। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में अभिनव देशवाल और प्रांजली प्रशांत धुमाल की जोड़ी ने चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिंग-जुई हसु को 16-6 के एकतरफा अंतर से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत की झोली में एक और सफलता जोड़ दी।


मुकाबले की शुरुआत से ही भारतीय जोड़ी ने अपना दबदबा कायम रखा और विरोधी टीम को मैच में लौटने का कोई अवसर नहीं दिया। क्वालिफिकेशन दौर में भी दोनों भारतीय निशानेबाज़ों ने डेफ वर्ल्ड और ओलंपिक रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए 569-20x का संयुक्त स्कोर हासिल किया।



## बॉ ली वु ड

# 'तेरे इश्क में' को लेकर आनंद एल राय की स्पष्ट राय

फिल्ममेकर आनंद एल राय अपने सिनेमा की भावनात्मक ईमानदारी, मानवीय रिश्तों की बारीकी और खुलकर बात करने वाले स्वभाव के लिए हमेशा सराहे गए हैं। अब जब वे धनुष और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरे इश्क में' की रिलीज़ की तैयारी कर रहे हैं, जो 28 नवंबर 2025 को हिंदी, तमिल और तेलुगु में थिएटरों में दस्तक देगी, राय खुलकर बताते हैं कि किस तरह उनकी रचनात्मक सोच बदली है और क्या उन्हें लगातार ज़मीन से जोड़े रखता है।सालों के सफर में आनंद राय के किरदारों और रिश्तों को देखने का तरीका विकसित हुआ है। वे स्वीकारते हैं कि समय के साथ उनके भीतर नए विचार जन्मे हैं। वह कहते हैं, ₹अगर मैं बदल रहा हूं, तो मुझे चाहिए कि मेरी ऑडियंस भी मेरे साथ बदले। मैं किसी पुरानी कहानी को नए नज़रिए से बताने से कभी नहीं डरूंगा। लंबे समय तक मैन वुमन रिलेशनशिप बराबरी से नहीं दिखाए गए, यह मेरी सीख है। शायद 'तनु वेड्स मनु' या 'रांझणा' के समय मैं इस तरह नहीं सोचता था, अब सोचता हूं। आनंद राय



### सफलता का दबाव कहानी को बदल देता है

आनंद राय बताते हैं कि कैसे सफलता की उम्मीदें कभी-कभी कहानी कहने की सरलता पर भारी पड़ जाती हैं। वे कहते हैं, जब मैं कहानी को लेकर निर्भीक था और सिर्फ उसे ईमानदारी से सुनाने का दबाव लेता था, तब मेरी दुनिया सही चल रही थी। लेकिन जब लगा कि लोग एक 'सक्सेसफुल डायरेक्टर' से ज़्यादा उम्मीदें लगाने लगे हैं, और मुझे बड़ा सोचना चाहिए, तभी मैं लड़खड़ाया।

स्वीकारते हैं कि उन्हें बार-बार अपनी जड़ें याद दिलानी पड़ती हैं। वे कहते हैं, जुड़े रहना बहुत ज़रूरी है। मेरी ज़मीन छूटती है तो मुझे उसे फिर पकड़ना पड़ता है। मैं अपने पेंटहाउस में चला जाता हूं, फिर खुद को याद दिलाता हूं, तू वही दिल्ली का लड़का है, तेरी आधी ज़िंदगी उन पीले घरों में गुज़री है। तेरी कहानियाँ वहीं हैं, तू सोच क्यों नहीं रहा?₹ फिल्म की रिलीज़ नज़दीक आते-आते, आनंद राय के ये विचार संकेत देते हैं कि वे अपने सबसे ईमानदार, संवेदनशील और ज़मीन से जुड़े फिल्ममेकिंग स्टाइल में लौट रहे हैं।

# कुणाल खेमू की नई सीरीज 'सिंगल पापा' का ऐलान

बॉलीवुड एक्टर कुणाल खेमू अपने शानदार कॉमिक टाइमिंग और हल्की-फुल्की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, अब ओटीटी पर एक पारिवारिक ड्रामा-कॉमेडी के साथ वापसी करने जा रहे हैं। 'गो गोआ गॉन', 'गोलमाल अगेन' और हालिया 'मडगांव एक्सप्रेस' जैसी फिल्मों ने साबित किया है कि वह ह्यूमर और एंटरटेनमेंट का परफेक्ट कॉम्बिनेशन पेश करना जानते हैं। इस बार वे दर्शकों के सामने एक नए अवतार में दिखाई देंगे, एक पिता के किरदार में, वह भी ऐसे पिता जो तलाक के तुरंत बाद एक बच्चा गोद लेने का फैसला करता है।

इस रोचक कहानी को लेकर आ रही है उनकी नई वेब सीरीज़ 'सिंगल पापा', जिसकी खास बात यह है कि इसमें कुणाल न सिर्फ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, बल्कि डायरेक्शन की जिम्मेदारी भी खुद उठाई है। निर्माताओं द्वारा रिलीज डेट, पोस्टर और स्टार कास्ट की आधिकारिक घोषणा की जा चुकी है।

सीरीज़ में कुणाल गौरव गहलोत के रोल में हैं, एक ऐसा शख्स, जो तलाक के तुरंत बाद एक बच्चे को गोद ले लेता है, और परिवार इस फैसले से पूरी तरह चौंक जाता है। कहानी रिश्तों, भावनाओं, हास्यपूर्ण परिस्थितियों और नए पारिवारिक समीकरणों के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म 'सिंगल पापा' का प्रीमियर 12 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। यह सीरीज़ कुणाल के करियर के लिए भी खास मानी जा रही है, क्योंकि अभिनय के साथ-साथ निर्देशन में उनका यह एक बड़ा कदम है। दर्शक इस सीरीज़ को लेकर पहले से ही उत्साहित हैं, और यह देखना दिलचस्प होगा कि कुणाल एक बार फिर अपने ह्यूमर और नई कहानी से लोगों को कितना प्रभावित करते हैं।



### नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

नेटफ्लिक्स इंडिया ने 'सिंगल पापा' का पहला पोस्टर जारी किया है, जिसमें कुणाल के साथ आयशा रज़ा, प्राजक्ता कोली और मनोज पाहवा नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया, ₹छोटा पैकेट, और बहुत बड़ा धमाका। गहलोत परिवार के कलेश में आपका स्वागत है।

# सलमान और शाहरुख ने किया 'ओ ओ जाने जाना' पर डांस

बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान और 'बादशाह' शाहरुख खान जब एक ही फ्रेम में आते हैं, तो फैंस के बीच उत्साह चरम पर पहुंच जाता है। दोनों सुपरस्टार्स का ऐसा ही एक दुर्लभ पल सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है। वायरल वीडियो में सलमान और शाहरुख साथ में स्टेज पर थिरकते नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि शाहरुख खान सलमान के आइकॉनिक गाना 'ओ ओ जाने जाना' पर उनके सिग्नेचर स्टेप को मैच करने की कोशिश करते दिखाई देते हैं। दोनों के बीच की मस्ती और सहजता ने इस वीडियो चंद ही घंटों में सुर्खियों में ला दिया।

सलमान और शाहरुख की दोस्ती बॉलीवुड में मिसाल मानी जाती है। करीब तीन दशक से दोनों एक-दूसरे के बेहद करीब रहे हैं। किसी पार्टी, अवॉर्ड नाइट या निजी समारोह में दोनों को साथ देखा जाना आम है, लेकिन इस तरह साथ में डांस करते हुए देखना फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। वायरल वीडियो भी किसी आलीशान शादी समारोह का लगता है, जहां डीजे पर बजते ही 1998 की सलमान खान अभिनीत फिल्म 'प्यार किया तो डरना




क्या' का सुपरहिट गाना 'ओ ओ जाने जाना' माहौल में जोश भर देता है। दोनों सितारों की केमिस्ट्री और सहज तालमेल इस बात का सबूत है कि उनकी दोस्ती समय के साथ और मजबूत ही हुई है। शाहरुख खान इन दिनों अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा 'किंग' को लेकर लाइमलाइट में हैं, जिसमें वे लंबे समय बाद एक तीखे, डार्क अवतार में नजर आएंगे। वहीं, सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की तैयारियों में जुटे हुए हैं, जो हाल के वर्षों की सबसे चर्चित प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है। दो दिग्गजों की दोस्ती, डांस और दमदार बॉन्डिंग वायरल वीडियो ने एक बार फिर साबित कर दिया।

# निर्माता की कुर्सी पर बैठे पंकज त्रिपाठी, लेकर आ रहे जबरदस्त वेब सीरीज

'मिर्ज़ापुर' के कालीन भैया के रूप में दिल जीतने वाले पंकज त्रिपाठी अब अभिनय के साथ प्रोडक्शन में भी अपनी नई शुरुआत कर रहे हैं। उनकी पहली बतौर निर्माता वेब सीरीज़ 'परफेक्ट फैमिली' है, जो एक अनोखे मॉडल के साथ 27 नवंबर को सीधे यूट्यूब पर रिलीज होने जा रही है। 8 एपिसोड की यह सीरीज़ पेड मॉडल पर उपलब्ध होगी, जिसे भारत में लंबे फॉर्मेट के कंटेंट की नई लॉन्चिंग रणनीति माना जा रहा है। रिपोर्ट्स की मानें तो पंकज पहली बार किसी प्रोजेक्ट का निर्माण कर रहे हैं। ऑन-स्क्रीन दमदार परफॉर्मेंस के बाद अब वह पर्दे के पीछे अपने हुनर को साबित करने के लिए तैयार हैं। 'परफेक्ट फैमिली' एक हल्की-फुल्की फैमिली ड्रामा सीरीज़ है, जिसे अजय राय और मोहित छब्बा ने क्रिएट किया है। यह यूट्यूब पर आम वीडियो की तरह मुफ्त नहीं चलेगी, बल्कि दर्शकों को इसे खरीदकर देखना होगा।

भारतीय लंबे फॉर्मेट कंटेंट की दुनिया में यह एक दिलचस्प एक्सपेरिमेंट माना जा रहा है। जैसा कि आमिर खान की 'सितारे जमीन पर' सीधा यूट्यूब पर रिलीज हुई थी, 'परफेक्ट फैमिली' भी इसी तरह दर्शकों तक पहुंचेगी। शो के पहले दो एपिसोड बिल्कुल मुफ्त होंगे, इसके बाद बाकी एपिसोड देखने के लिए दर्शकों को 59 रुपये का भुगतान करना होगा। पंकज त्रिपाठी ने कहा, ₹ये तरीका साहसी और जरूरी₹ अपने नए सफर को लेकर पंकज त्रिपाठी बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि ₹'परफेक्ट फैमिली' मेरे लिए बहुत खास है। इसकी कहानी अच्छी है और इसके रिलीज का तरीका भी बिल्कुल नया और साहसी है। यूट्यूब अब बड़े शोज़ का भी मजबूत प्लेटफॉर्म बन चुका है, और मुझे लगा कि यही सही दिशा है।₹ उन्होंने बताया कि पारंपरिक ओटीटी प्लेटफॉर्म की बजाय यूट्यूब को चुनना एक सोच-समझकर लिया गया निर्णय है।



# राहुल गांधी के खिलाफ 272 पूर्व जजों-नौकरशाहों ने खोला मोर्चा



**16**
**पूर्व जजों ने पत्र पर हस्ताक्षर किए**
सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज आदर्श कुमार गुप्ता और हेमंत गुप्ता समेत कुल 16 पूर्व जजों ने पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। वहीं, पूर्व रॉ चीफ संजीव त्रिपाठी, NIA के पूर्व DG योगेश चंद्र मोदी समेत 123 रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट और 133 पूर्व अधिकारियों ने भी इस पहल को समर्थन दिया है।

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देशभर के 272 रिटायर्ड जजों, वरिष्ठ ब्यूरोक्रेट्स और सैन्य अधिकारियों ने बुधवार को एक संयुक्त ओपन लेटर जारी कर कांग्रेस और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की तीखी आलोचना की है। इस लेटर पर 16 पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त अफसर (जिनमें 14 पूर्व राजदूत भी शामिल हैं) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' के आरोप लगाकर संवैधानिक संस्थाओं में अविश्वास पैदा कर रही है। ओपन लेटर में हस्ताक्षरकर्ताओं ने लिखा कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं की साख कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जिसका असर देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पड़ता है। पत्र के अनुसार, राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर बार-बार हमला करना देशहित के खिलाफ है।

▶▶ चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने के लिए लगाई फटकार

▶▶ वोट चोरी पर 3 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं राहुल गांधी

### चुनाव आयोग पर बढ़ते हमलों को बताया खतरनाक चलन

लेटर में कहा गया कि हाल के वर्षों में सेना, न्यायपालिका, संसद के बाद अब चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। इसे "खतरनाक और चिंताजनक प्रवृत्ति" बताया गया है, जिसके जरिए कुछ राजनीतिक दल चुनावी हार को छिपाने के लिए संस्थाओं पर संदेह का माहौल बनाते हैं। राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग को "B टीम" कहने और "वोट चोरी" का आरोप लगाने पर भी पत्र में आपत्ति जताई गई है।

### क्या ओपन लेटर में है?

ओपन लेटर में कहा गया कि जब विपक्षी दल जीतते हैं, तब चुनाव आयोग पर एक भी सवाल नहीं उठता; लेकिन हार मिलते ही आयोग को दोषी ठहराना शुरू कर दिया जाता है। इसे "दोहरा रवैया" और "राजनीतिक अवसरवाद" बताया गया है। पत्र में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन और एन गोपालस्वामी के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा गया कि आयोग हमेशा मजबूत और निष्पक्ष संस्था रही है। पत्र में कहा गया कि चुनाव आयोग पर जनता का भरोसा बनाए रखना जरूरी है। फर्जी वोटर, गैर-नागरिक और अवैध प्रवासियों को वोटर सूची से बाहर रखना लोकतंत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा, दोनों के लिए महत्वपूर्ण कदम है।

# तीन दिनों में टीटीपी के 38 उग्रवादी ढेर

**खैबर पख्तूनख्वा में पाकिस्तान की बड़ी कार्रवाई**



**एजेंसी । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा में चलाए गए लगातार अभियानों में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाक (टीटीपी) को बड़ा झटका दिया है। खुफिया-आधारित चार अलग-अलग ऑपरेशनों में कुल 38 उग्रवादियों को मार गिराया गया।सेना के जनसंपर्क विभाग आईएसपीआर ने इसे आतंक-रोधी रणनीति की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है।

### लगातार अभियानों में बड़ी सफलता

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, 15 से 17 नवंबर के बीच सुरक्षा बलों ने डेरा इस्माइल खान, उत्तरी वजीरिस्तान, बाजौर और बन्नू जिलों में अभियान चलाए। पहला ऑपरेशन डेरा इस्माइल खान के कुलाची क्षेत्र में हुआ, जहां आतंकवादियों के एक ठिकाने पर कब्जा करते हुए 10 टीटीपी सदस्यों को ढेर कर दिया गया। मारे गए आतंकियों में संगठन का वित्तीय प्रभारी आलम महसूद भी शामिल था। दूसरा अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के दत्ता खेल इलाके में चला, जिसमें सुरक्षा बलों ने पांच उग्रवादियों को मार गिराया। 16 और 17 नवंबर को किए गए दो और ऑपरेशनों में बाजौर जिले में 11 और बन्नू में 12 टीटीपी लड़ाके ढेर किए गए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जम्मू की उच्च सुरक्षा वाली जेल में छापेमारी जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट ने बुधवार को उच्च सुरक्षा वाली कोट भलवाल जेल पर छापा मारा। अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी केंद्रीय जेल में चल रही है, जहाँ कुख्यात अपराधियों के अलावा कट्टर पाकिस्तानी और स्थानीय आतंकवादी बंद हैं। उन्होंने बताया कि ये छापेमारी जेल के अंदर से कथित तौर पर चलाए जा रहे आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश करने के अभियान का हिस्सा है। कोट भलवाल जेल पर छापे डॉक्टरों के एक समूह द्वारा चलाए जा रहे सफेदपोश आतंकी नेटवर्क के हाल के खुलासे और 10 नवंबर को दिल्ली के लालकिला इलाके में कार में हुए विस्फोट की जांच के सिलसिले में मारे जा रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट : ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट 2021 रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक महत्त्वपूर्ण फैसले में ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट, 2021 की धारा 3, 5 और 7 को असंवैधानिक घोषित करते हुए अमान्य कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि संसद उन प्रावधानों को दोबारा लागू नहीं कर सकती जिन्हें अदालत पहले ही असंवैधानिक करार दे चुकी हो, जब तक कि उनमें निहित मूल संवैधानिक खामियों को ठीक न कर दिया जाए। पीठ ने न्यूनतम 50 वर्ष की आयु सीमा, मात्र चार साल का कार्यकाल और सर्च-कम-सेलेक्शन कमेटी की संरचना जैसे प्रावधानों को न्यायिक स्वतंत्रता तथा शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांतों के खिलाफ बताया। न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन ने टिप्पणी की कि यह कानून वस्तुतः उसी अध्यादेश की पुनरावृत्ति है जिसे न्यायालय ने पहले रद्द किया था। यह फैसला देश में ट्रिब्यूनलों की स्वायत्तता सुनिश्चित करने को लेकर चल रहे विवाद का नवीनतम चरण है। अदालत ने इससे पहले भी ट्रिब्यूनल सदस्यों की नियुक्ति से जुड़े नियम—जैसे आयु सीमा और कार्यकाल—को रद्द किया था।

### डिजिटल आतंक : दो नाबालिगों तक पहुंची ATS

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सक्रिय किए जा रहे एक डिजिटल आतंक नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है। राज्य की आतंकवाद निरोधक इकाई (एटीएस) ने दो नाबालिग लड़कों की पहचान की है, जिनसे इंस्टाग्राम के माध्यम से पाकिस्तान स्थित आईएसआईएस समर्थक हैंडलरों ने संपर्क स्थापित किया था। इन किशोरों में एक रायपुर का निवासी है, जबकि दूसरा भिलाई से है। सूत्रों के अनुसार, खुफिया एजेंसियां पिछले करीब डेढ़ वर्ष से दोनों पर निगरानी रख रही थीं। जांच के दौरान बरामद मोबाइल फोन से ऐसे संदेश, वीडियो और चैट सामने आए हैं, जिनका उद्देश्य कट्टरपंथी सोच को बढ़ावा देना और युवाओं को दुष्प्रचार के जरिए प्रभावित करना था। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि विदेशी हैंडलर इन किशोरों से स्थानीय परिस्थितियों और गतिविधियों की जानकारी लेने की कोशिश कर रहे थे। एटीएस ने मंगलवार देर रात गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम – यूएपीए, 1967 के अंतर्गत इस मामले में पहली एफआईआर दर्ज की है। एजेंसी का कहना है कि फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए लगातार युवाओं को जिहादी विचारधारा की ओर आकर्षित करने और एक ऑनलाइन मॉड्यूल तैयार करने की कोशिश की जा रही थी।

# STF ने नकली रॉ अधिकारी को दबोचा

▶▶ भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज बरामद

**एजेंसी । नोएडा**

उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने ग्रेटर नोएडा से एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो खुद को कभी रॉ अधिकारी और कभी सेना का मेजर बताकर पहचान बनाता था। आरोपी सुमित कुमार फर्जी पहचान के सहारे एक महिला न्यायिक अधिकारी से शादी कर चुका है और फर्जी कंपनियों के जरिए लोगों से ठगी की योजना बना रहा था। एसटीएफ की कार्रवाई में उसके पास से बड़ी संख्या में फर्जी पहचान पत्र, पुलिस वेरिफिकेशन लैटर, बैंक चेक बुक, डेबिट-क्रेडिट कार्ड, पैन कार्ड, आधार




कार्ड और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। आरोपी के टैब में दिल्ली ब्लास्ट से जुड़े वीडियो भी मिले हैं, जिसके बाद खुफिया एजेंसियां गंभीरता से पूछताछ कर रही हैं।

### मेजर अमित के नाम से ली थी पनाह

सूचना मिलने पर एसटीएफ ने पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी में छापा मारा, जहां आरोपी झूठे दस्तावेज दिखाकर मेजर अमित नाम से रह रहा था। रॉ अधिकारियों ने मौके पर जांच कर पुष्टि की कि उसका आईडी कार्ड पूरी तरह फर्जी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत सूरजपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया है।

# 346 विदेशी गिरफ्तार, 10,000 मोबाइल जब्त

▶▶ म्यांमार में साइबर ठगी का भंडाफोड़, गिरफ्त में आए लोगों में 269 भारतीय

**एजेंसी । नेपीडॉ**

म्यांमार की सेना ने थाई सीमा से सटे कुख्यात श्वे कोक्को क्षेत्र में चल रहे एक बड़े साइबर ठगी केंद्र पर छापा मारकर 346 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया है। सेना की कार्रवाई में खुलासा हुआ है कि साइबर कैफे के नाम पर संचालित ये ठगी मॉड्यूल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धोखाधड़ी फैलाने में लगे थे। यहां से रोमांस स्कैम, निवेश दोगुना करने के झांसे और विभिन्न ऑनलाइन जालसाजियों के जरिए हर साल अरबों डॉलर की ठगी की जाती थी।



### कार्रवाई का दायरा बढ़ा

द डेली स्टार ने सरकारी अखबार द ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार के हवाले से बताया कि म्यांमार की सैन्य सरकार लंबे समय से इन नेटवर्कों पर ढिलाई बरतने के आरोप झेल रही थी। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन के लगातार दबाव के चलते फरवरी से म्यांमार प्रशासन इन गिरोहों पर कार्रवाई का दावा कर रहा है, और बीते एक महीने में अभियान और तेज हुआ है।

### छापे में मिले 10 हजार मोबाइल

श्वे कोक्को में रविवार सुबह की गई छापेमारी में न सिर्फ 346 विदेशियों को पकड़ा गया, बल्कि करीब 10,000 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार 2021 में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद से यह इलाका साइबर अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना बनता चला गया। कई मजदूरों और युवाओं को विदेशों से नौकरी के लालच में लाकर इन्हीं नेटवर्कों में धकेला जाता है।

### चीनी-कंबोडियाई गिरोह की भूमिका

रिपोर्ट के अनुसार, श्वे कोक्को में चल रहे इन अवैध ठगी नेटवर्कों का बड़ा हिस्सा चीनी-कंबोडियाई माफिया शी झिजियांग की 'याताई' कंपनी के नियंत्रण में था। 2022 में थाईलैंड में पकड़ा गया शी झिजियांग हाल ही में चीन को सौंप दिया गया है, जहां वह ऑनलाइन जुआ, ठगी और मानव तस्करी जैसे आरोपों का सामना कर रहा है। अमेरिका और ब्रिटेन पहले ही उस पर प्रतिबंध लगा चुके हैं।

### 269 भारतीय नागरिक भी शामिल

श्वे कोक्को, जो कभी एक साधारण सीमा-पार गांव था, आज जुआ, ड्रग्स, वेश्यावृत्ति और साइबर ठगी का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। म्यांमार सरकार अब यहां की 600 से अधिक अवैध इमारतें ढहाने में जुटी है। इसी प्रक्रिया के तहत म्यांमार प्रशासन ने हाल ही में 317 विदेशी नागरिकों को उनके देशों को सौंप दिया—जिनमें 269 भारतीय, 31 लाओस के नागरिक, 16 वियतनामी और एक दक्षिण कोरियाई नागरिक शामिल हैं।

# मारा गया एक करोड़ का इनामी नक्सली थिप्पिरी तिरुपति

**बस्तर में 131 से ज्यादा जवानों की हत्या का आरोप**



**एजेंसी । नई दिल्ली**

विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश)। छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के 131 जवानों की हत्या का आरोपित माओवादी नक्सली थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी आज रामपचोदवरम वन क्षेत्र में हुई गोलीबारी में ढेर हो गया। आंध्र प्रदेश इंटेलिजेंस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) महेश चंद्र लड्ढा ने इसकी पुष्टि की। एडीजी महेश चंद्र ने बताया कि आज तड़के सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच भीषण गोलीबारी में छह से सात माओवादी मारे गए। मारे गए नक्सलियों में थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी भी है।

### बस्तर में 131 जवानों की हत्या का आरोप

नक्सल संगठन ने देवजी को महासचिव नियुक्त किया था। देवजी के ऊपर बस्तर इलाके में सुरक्षा बलों के 131 से ज्यादा जवानों की हत्या का आरोप है। सरकार ने इस खूंखार नक्सली को गिरफ्तार करने के लिए एक करोड़ रुपये से ज्यादा का इनाम घोषित किया था।

# आम जनता के लिए खुला अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दिल्ली में चल रहा भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला बुधवार से आम आगंतुकों के लिए खोल दिया जाएगा। मंगलवार को बिज़नेस विज़िटर्स का अंतिम दिन रहा। आम लोगों के लिए प्रवेश शुल्क घटाकर कार्यदिवसों में 80 रुपये और सप्ताहांत में 150 रुपये निर्धारित किया गया है।



### बिहार का ठेकुआ भी मेले में उपलब्ध

आईटीपीओ के अनुसार यह मेला हर साल लाखों दर्शकों को आकर्षित करता है, जहां एक ही जगह सभी भारतीय राज्यों और कई विदेशी देशों के उत्पाद उपलब्ध होते हैं। इस वर्ष थाईलैंड, मलेशिया, स्वीडन, दक्षिण कोरिया, यूएई, तुर्किये, ईरान, लेबनान, ट्यूनीशिया और मिश्र सहित कई देशों ने अपने स्टॉल लगाए हैं। इन देशों की प्रदर्शनी हॉल नंबर 1 में आयोजित की गई है, जहां बिहार के पारंपरिक व्यंजन और ठेकुआ भी लोगों के आकर्षण का केंद्र हैं।

### 27 नवंबर तक खुला रहेगा मेला

आईटीपीओ के अनुसार यह मेला हर साल लाखों दर्शकों को आकर्षित करता है, जहां एक ही जगह सभी भारतीय राज्यों और कई विदेशी देशों के उत्पाद उपलब्ध होते हैं। इस वर्ष थाईलैंड, मलेशिया, स्वीडन, दक्षिण कोरिया, यूएई, तुर्किये, ईरान, लेबनान, ट्यूनीशिया और मिश्र सहित कई देशों ने अपने स्टॉल लगाए हैं। इन देशों की प्रदर्शनी हॉल नंबर 1 में आयोजित की गई है, जहां बिहार के पारंपरिक व्यंजन और ठेकुआ भी लोगों के आकर्षण का केंद्र हैं।

# दिल्ली ब्लास्ट : जावेद सिद्दीकी 12 दिन की ईडी रिमांड पर

▶▶ अल-फलाह यूनिवर्सिटी का संस्थापक है जावेद सिद्दीक़ी




**एजेंसी । नई दिल्ली**

लालकिला के पास हुए आई-10 कार विस्फोट से जुड़े मनीलांड्रिंग और टेरर फंडिंग की जांच में बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली की साकेत अदालत ने अल-फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जावेद अहमद सिद्दीक़ी को 13 दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। यह आदेश अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान ने दिया। ईडी ने जावेद सिद्दीक़ी को 18 नवंबर को पकड़ा था और रात करीब एक बजे उन्हें अदालत के समक्ष पेश किया गया।

### दानिश ने तैयार की राकेट जैसी डिवाइस

इस केस में इससे पहले कई अहम गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पटियाला हाउस कोर्ट ने हाल ही में आरोपित जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश को 10 दिन की एनआईए रिमांड पर भेजा था। दानिश को श्रीनगर से पकड़ा गया था। एनआईए का दावा है कि दानिश ने ड्रोन में तकनीकी बदलाव करने और कार बम विस्फोट से पहले रॉकेट जैसी डिवाइस तैयार करने में भूमिका निभाई थी।

# वीपीएम इंग्लिश स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

▶▶ भविष्य की तकनीकों का शानदार प्रदर्शन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

वीपीएम इंग्लिश स्कूल में 19 नवंबर 2025 को आयोजित वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी एक ऐसा मंच बनी, जहाँ विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और वैज्ञानिक सोच एक अद्भुत रूप में सामने आई। पूरे परिसर में ऊर्जा, उत्साह और नवाचार की लहर थी। प्राथमिक से लेकर माध्यमिक वर्ग तक बच्चों ने अपने मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से यह साबित किया कि विज्ञान केवल किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि अनुभव, शोध और प्रयोग का जीवंत रूप है।










### एआई के भविष्य पर विशेष जोर

प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या अजीथा नायर ने भविष्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) की भूमिका पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि एआई सिर्फ एक ट्रेंड नहीं, आने वाले समय की अनिवार्य आवश्यकता है। बकौल नायर, बच्चों को समय रहते सही दिशा और एक्सपोज़र मिलना बेहद ज़रूरी है, ताकि वे तकनीक से डरें नहीं, बल्कि उसे समझकर उसका बेहतर उपयोग करना सीखें। उनका कहना था कि सही माहौल और मार्गदर्शन से यही बच्चे आने वाले वर्षों में नवाचार का नेतृत्व करेंगे।

### प्राथमिक वर्ग: जिज्ञासा से जन्मी सरल लेकिन असरदार सोच

प्राथमिक वर्ग के बच्चों ने प्रकृति, पर्यावरण और दैनिक जीवन से जुड़े विषयों पर आकर्षक मॉडल तैयार किए। जानवरों के आवास, जल संरक्षण और ऊर्जा बचत जैसे विषयों को बच्चों ने बड़ी सहजता और समझदारी से प्रस्तुत किया। कम उम्र होने के बावजूद जजों के सामने उनकी प्रस्तुति का आत्मविश्वास, स्पष्टता और hands-on अनुभव देखकर सभी प्रभावित हुए। यह स्पष्ट था कि उनकी सीखने की प्रक्रिया केवल सिद्धांतों पर नहीं, बल्कि प्रयोगों पर आधारित है।

### माध्यमिक वर्ग : आधुनिक विज्ञान और तकनीक के नए आयाम

माध्यमिक वर्ग की परियोजनाओं में तकनीक और नवाचार का गहरा प्रभाव नजर आया। आपदा प्रबंधन, आधुनिक खेती, हाइड्रोलिक्स और सौर ऊर्जा जैसे विषयों पर विद्यार्थियों ने व्यावहारिक और आधुनिक मॉडल्स प्रदर्शित किए। इनमें सबसे अधिक ध्यान खींचने वाली प्रस्तुति थी—सूर्य की रोशनी से चलने वाली सोलर कार, जो बिना धूप के बैटरी मोड पर भी चल सकती है। इसी तरह हाइड्रोपोनिक तकनीक से जुड़ी परियोजनाओं ने भविष्य की खेती के आधुनिक तरीकों को स्पष्ट और रोचक ढंग से समझाया।

### भविष्य की दिशा दिखाता एक सफल आयोजन

पूरी प्रदर्शनी ने यह साबित किया कि वीपीएम इंग्लिश स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं दे रहा, बल्कि बच्चों में सोचने, समझने, प्रयोग करने और समस्याओं को नए नजरिये से देखने की क्षमता विकसित कर रहा है। प्राचार्या नायर ने गर्व के साथ कहा कि ये बच्चे ही आने वाला भविष्य गढ़ेंगे। शिक्षक और अभिभावकों के सहयोग से ही यह नई पीढ़ी एक बेहतर, मजबूत और तकनीक-सक्षम दुनिया का निर्माण करेगी। कार्यक्रम का समापन तालियों की गूंज और उत्साह के माहौल में हुआ। यह प्रदर्शनी महज एक वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों, मेहनत और उज्ज्वल भविष्य का एक खूबसूरत उत्सव साबित हुई।

